दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी

फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

अटल सेतु की वीडियो की हुई तारीफ

वर्ष : 10 अंक : 159 लखनऊ, 19 मई, रविवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

मैं देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए जी-जान से खप रहा हूं : पीएम मोदी

● 'न अपने लिए मैं जिया हूं न ही अपने लिए मैं जन्मा हूं'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का ये चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने के लिए है। देश की अर्थव्यवस्था को उन ताकतों से बचाने के लिए है, जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहती हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाने और उनके जीवन में खुशियां लाने के लिए है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव गरीब और मध्यम वर्ग को उन ताकतों से बचाने के लिए है, जो उनकी संपत्ति छीन लेना चाहते हैं। भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए है। उस परंपरा और सोच को हराने के लिए है, जिसने वर्षों तक भाई-भतीजावाद, परिवारवाद के चलते भारत के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि ये चुनाव मजबूत भारत बनाने के लिए है। उन ताकतों को परास्त करने के लिए है, जो भारत को कमजोर करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि लाल किले से मैंने घोषणा की, 'यही समय है, सही समय है।' 21वीं सदी का भारत एक नाजुक मोड़ पर है। हम तीव्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग देख रहे हैं। 2024 के चुनाव भारत को विश्व स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं... वे भारत को उन पार्टियों से बचाने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं जो भारत को दिवालिया बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि 50-60 साल पहले, मैं अपना घर छोड़कर निकला था, तब मुझे भी पता नहीं था कि एक दिन लाल किले पर तिरंगा फहराऊंगा। तब मुझे पता नहीं था कि 140 करोड़ भारतीय मेरा परिवार बन जाएंगे।

मोदी ने कहा कि न अपने लिए मैं जिया हूं न ही अपने लिए मैं जन्मा हूं। मैं आपके लिए, आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जी-जान से खप रहा हूं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव भाई-भतीजावाद की उस मानसिकता को हराने के लिए महत्वपूर्ण हैं जिसने हमारे युवाओं के दशकों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है, और उन ताकतों को हराने के लिए जो भारत को कमजोर करना चाहते हैं। भारतीय राजनीति को एक स्थिर सरकार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी को दुनिया के लिए आकर्षण बनना चाहिए। इसलिए देश को 'फिर एक बार, मोदी सरकार' की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए मुझे मजबूत साझेदारों की जरूरत है।' दिल्ली में हमारे उम्मीदवारों को जिताने में मदद करें और उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति के लिए अपना दल बनाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने जी 20सम्मेलन के दौरान देखा है कि कैसे दुनिया के शीर्ष नेता दिल्ली को देखकर चकित थे। आज यहां भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बन रहे हैं। नया संसद भवन हमारी शान बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान, वैश्विक नेता दिल्ली के परिवर्तन से आश्चर्यचकित थे। आज, दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे आधुनिक सम्मेलन केंद्रों के साथ-साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और नए संसद भवन जैसे ऐतिहासिक स्थल हैं, जो हमारे गौरव की भावना को बढ़ाते हैं!

मुंबई में गरजे यूपी के सीएम योगी

कसाब को फांसी दिलवाई, अब पाकिस्तान देता है सफाई, 6 महीने के अंदर पीओके होगा हमारा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, मुंबई उत्तर मध्य लोक सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'फिर एक बार मोदी सरकार' के स्वर से पूरा महाराष्ट्र गूंज रहा है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश के अंदर जो माहौल है, वही उत्साह जो यूपी, उत्तराखंड, बंगाल, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, असम, कर्नाटक में है वही उत्साह मुझे महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है। चारों ओर एक ही नारा गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी 400 पार। जब हम ये नारा लगाते हैं तो कांग्रेस समेत सभी दलों की नीचे की जमीन खिसक जाती है और वे घबरा जाते हैं।

मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले 6 महीने के अंदर 'पाक अधिकृत कश्मीर' भी भारत का हिस्सा होगा। भारत के अंदर छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा जिस 'हिंदवी स्वराज' की स्थापना की गई थी। मोदी जी के नेतृत्व में अब वह बनकर रहेगा। कोई माई का लाल उसको रोक नहीं पाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुंबई हमले के कसूरवार कसाब को फांसी दिलावने का श्रेय उज्जवल निकम को दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा मुंबई हमले के बाद उज्जवल निकम ने अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ाई लड़ी थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया भारत है अब कोई भी भारत पर हमला नहीं कर सकता है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले कांग्रेस की सरकार में आतंकी हमले होते थे तो कांग्रेस कहती थी। आतंकी सीमापार के है। उन्होंने कहा कि अब अगर पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है। उसे पता है कि ये नया भारत है। जो छेड़ता नहीं है। जो छेड़ता है उसे छोड़ता भी नहीं है।

मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 26.c

बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 73,878.15

निफटी 22,475.85

कन्हैया पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया, ये हताशा का प्रमाण है : कांग्रेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर हुए हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े गुंडों ने इस घटना को अंजाम दिया है क्योंकि इस चुनाव में हार को देखते हुए सत्तारूढ़ पार्टी हताशा में हिंसा पर उतर आई है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि इस तरह के हमले से कन्हैया घबराने वाले नहीं हैं तथा इंडिया गठबंधन का हर कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ऐतिहासिक हार को देखते हुए भाजपा एक बार फिर गुंडागर्दी और हिंसा के अपने चिरपरिचित रवैये का सहारा ले रही है। हमारे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण हमला बेहद निंदनीय है और उनकी हताशा को दशार्ता है। कांग्रेस नेता ने कहा, उन्हें पता होना चाहिए कि कन्हैया कांग्रेस के बब्बर शेर हैं जो ऐसी घटिया हरकतों से घबराने वाले नहीं हैं। वेणुगोपाल ने दावा किया कि इस फासीवादी शासन की घटिया तरकीबों के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता कन्हैया के साथ खड़े हैं।

ईडी भाजपा की राजनीतिक शाखा के रूप में कार्य कर रही है : आप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भाजपा की राजनीतिक शाखा की तरह काम कर रहा है और आबकारी नीति मामले की जांच का इरादा पार्टी को फंसाना है। ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें आप को भी बतौर आरोपी नामजद किया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। आप ने दावा किया कि ईडी को उसके नेताओं से एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ है। पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया, ईडी भाजपा की राजनीतिक शाखा की तरह काम कर रही है। इस फर्जी जांच की शुरूआत से ही उसका इरादा आप को फंसाना, उसके सभी शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार करना और पार्टी को कुचलना था। ईडी के आरोप पत्र में आप और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंसाया गया है, जो इस बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। इसमें कहा गया, अब अरविंद केजरीवाल और आप की सभी संपत्तियां और बैंक खाते जब्त कर लिए जाएंगे, जो उत्पीड़न और अन्याय करने जैसा होगा।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा के अन्याय का बदला लेगा बंगाल : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि राज्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्याय का बदला लेगा और निश्चित रूप से बांग्ला विरोधियों का सफाया होगा। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गरीबों के विकास के लिए निर्धारित धन को रोककर प्रचार प्रसार पर पैसा खर्च करते रहना पाप है। तृणमूल प्रमुख पिछले करीब तीन साल से मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य को 1.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का केंद्र द्वारा कथित रूप से भुगतान नहीं करने को लेकर मुखर रही हैं। उन्होंने कहा, बंगाल भाजपा द्वारा किए गए इस अन्याय का बदला लेगा। बनर्जी ने कहा, झारग्राम, घाटाल और मेदिनीपुर के लोगों ने एक स्पष्ट संदेश दिया है - बांग्ला विरोधियों का विसर्जन निश्चित है।

कोई भी सरकार संविधान नहीं बदल सकती: नितिन गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि कोई भी सरकार डॉ. बी आर आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को नहीं बदल सकती है और कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे बदलने की योजना बना रही है। वह नासिक लोकसभा सीट से सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार शिवसेना के हेमंत गोडसे के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

सपा को एक-एक कर क्यों छोड़ते जा रहे हैं उसके सहयोगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हुए लोकसभा चुनाव में जीत के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट उनकी पार्टी के भीतर भगदड़ का माहौल भी नजर आ रहा है। एक तरफ सपा के सहयोगी दल उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं तो दूसरी तरफ नेतागण भी सपा को टाटा-बाय-बाय करते नजर आ रहे हैं। 17 मई को सपा विधायक मनोज पांडेय ने बीजेपी का दामन थाम लिया था इसके बाद अब महान दल ने लोकसभा चुनाव में एनडीए को समर्थन देने की घोषणा करके एक बार फिर अखिलेश को आईना दिखाने का काम किया है।

महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य के एडीए का हिस्सा बनने के बाद मौर्य ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी को समर्थन पत्र सौंप दिया है। मौर्य ने कहा कि वह एनडीए गठबंधन को जिताने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। केशव ने कहा कि सपा से वह अपना नाता तोड़ रहे हैं, क्योंकि वहां उन्हें सम्मान नहीं मिला। वहां लगातार हो रही उपेक्षा के चलते ही उन्होंने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को समर्थन देने का निर्णय लिया है। वह बोले कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में मुझे कभी भी अपने बगल में नहीं बैठाया। यहां देखिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुझे अपने बगल में बैठाकर प्रेस वार्ता कर रहे हैं। केशव ने कहा, महान दल को सम्मान देने के लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपनी पार्टी के सभी कार्यकताओं से अपील की कि वह एनडीए के प्रत्याशियों को जिताने के लिए जुटें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास यात्रा में शामिल होने और एनडीए को समर्थन देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। महान दल का मौर्य, शाक्य, कुशवाहा, सैनी इत्यादि पिछड़ी जातियों पर इस दल का प्रभाव है। यह पिछड़ी जातियां करीब छह प्रतिशत हैं। बता दें कि इससे पहले बीती 14 मई को जनवादी पार्टी ने भी भाजपा व एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की थी। पार्टी के अध्यक्ष संजय चौहान लोनिया चौहान बिरादरी की राजनीति करते हैं। कुल मिलाकर जिस तरह से समाजवादी पार्टी से नेता और उसके सहयोगी दल उससे यही लगता है कि या तो अखिलेश यादव हवा का रूख भांप नहीं पा रहे हैं या फिर उनके संगी-साथियों का अखिलेश की बातों पर भरोसा नहीं है। इसीलिये वह डूबते हुए जहाज में नहीं बैठे रहने देना चाहते हैं।

जलाशयों का वर्तमान भंडारण कुल क्षमता का 25 प्रतिशत: सीडब्ल्यूसी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के साप्ताहिक बुलेटिन में कहा गया है कि देश के प्रमुख जलाशयों के जल संग्रहण में गिरावट देखी गई है और वर्तमान में यह 25 प्रतिशत है। इसमें कहा गया कि 150 प्रमुख जलाशयों में 45.277 अरब घन मीटर (बीसीएम) पानी है। निगरानी के तहत जलाशयों में 20 जल-विद्युत परियोजना जलाशय शामिल हैं जिनकी सामूहिक रूप से भंडारण क्षमता 35.299 बीसीएम है। सीडब्ल्यूसी ने अपने 10 मई से 16 मई तक के बुलेटिन में 150 जलाशयों के भंडारण स्तर की सूचना दी। इसने कहा, मौजूदा भंडारण 45.277 बीसीएम है, जो इन जलाशयों की कुल क्षमता का केवल 25 प्रतिशत है। यह पिछले साल की इसी अवधि (10 मई से 16 मई) की तुलना में उल्लेखनीय कमी दशार्ता है जब भंडारण 57.993 बीसीएम था। साप्ताहिक बुलेटिन में कहा गया कि वर्तमान भंडारण पिछले साल के स्तर का 78 प्रतिशत और सामान्य भंडारण का 92 प्रतिशत है।

सहारा में जमा पैसा दिलाएगी मोदी सरकार : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

● झांसी लोक सभा चुनाव में अनुराग शर्मा के लिए विशाल जन सभा में उमड़ा जन शैलाव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। लोक सभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान हेतु केंद्रीय गृह मंत्री एवम सहकारिता अध्यक्ष अमित शाह ने झांसी ललितपुर लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में चार सौ पार का नारा देकर नगर मुख्यालय के तुवन मंदिर प्रांगण में विशाल जन सभा को संबोधित किया इण्डिया गठ बंधन पर हमला बोलते हुए गृह मंत्री ने राम के विरोधियों पर हमला बोलते हुए सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता के सामने रखा तीसरी बार मोदी सरकार के चार सौ पार का नारा तुवन प्रांगण में लगाया गया सभा में शामिल हजारों लोगों का जन शैलाव उमड़ा सभा में सकड़ों नेताओं ने भाग लिया और झांसी लोक सभा प्रत्यासी अनुराग शर्मा को भारी बहुमत से विजई बनाकर चार सौ पार का संकल्प पूरा करने का जनता ने विश्वास दिलाया कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा की कोरोना काल में वैक्सीन पर राज नीति करने वाले राहुल गांधी भी अपनी बहिन प्रियंका गांधी को वैक्सीन का टीका लगवाया तो वही शाह द्वारा ललितपुर की जनता को विश्वास दिलाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने सहारा में जमा पूंजी को जनता को वापिस दिलाने का भरोसा दिलाया।

बस में आग लगने से नौ लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। <हरियाणा में नूंह के पास कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे उसमें आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। नूंह में जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे उसमें आग लगने से कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नूंह मेडिकल कॉलेज लाया गया है। घटना केएमपी एक्सप्रेस-वे पर देर रात करीब दो बजे हुई।

मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे श्रद्धालु

घटना केएमपी एक्सप्रेस-वे पर देर रात करीब दो बजे हुई। पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे, जिनमें से सभी पंजाब और चंडीगढ़ के निवासी थे और मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने आग देखी और बस का पीछा किया और ड्राइवर को रुकने के लिए कहा. उन्होंने पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया। आग में नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया। सदर टौरू के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा, ₹दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई - छह महिलाएं और तीन पुरुष। पंद्रह लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है। जांच जारी है।₹ एक स्थानीय निवासी ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद कुछ लोगों ने मोटरसाइकिल से बस का पीछा किया

बस में आग लगने से लोगों की मौत होने का समाचार अत्यंत दुखद : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा में एक बस में आग लगने से लोगों की मौत होने की घटना पर शनिवार को शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। हरियाणा के नूंह जिले में तावडू के पास शुक्रवार देर रात चलती बस में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की जलने से मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर देर रात करीब दो बजे हुई। पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे और सभी पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना के रहने वाले थे। ये लोग मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे। उसने बताया कि सभी लोग आपस में सगे-संबंधी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हरियाणा के नूंह जिले में एक बस में आग लगने की दर्दनाक घटना में अनेक यात्रियों की मौत का समाचार अत्यंत दुखदाई है। मैं शोक संतप्त परिवारजन के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

मोहनलालगंज संसदीय सुरक्षित क्षेत्र का चुनाव कल, देखने को मिल सकता है बड़ा उलट फेर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर, लखनऊ। लोकसभा के आम चुनाव के पांचवें चरण का चुनाव कल संपन्न होगा इस चरण में मोहनलालगंज संसदीय सुरक्षित क्षेत्रका चुनाव भी है वर्तमान में यहां से सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर भाजपा प्रत्याशी हैं इनसे सीधा मुकाबला पूर्व कैबिनेट मंत्री समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आर के चौधरी से है, इस बार बसपा प्रत्याशी की कमजोरी का फायदा समाजवादीपार्टी प्रत्याशी आर के चौधरी को मिल सकता है क्योंकि सपा प्रत्याशी पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्व० कांशीराम जी के सहयोगी रहे हैं । इस बार मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र का चुनाव बहुत ही दिलचस्प दिखाई दे रहा है एक तरफ जहां दो बार से भाजपा से सांसद एवं केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कौशल किशोर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और पूरी ताकत से हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ खांटी जमीनी नेता आर के चौधरी समाजवादी पार्टी से चुनाव मैदान में है और पहली बार संसद की चौखट चूमने के लिए उत्साहित हैं ।

मोहनलालगंज संसदीयक्षेत में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिनमें मोहनलालगंज, सरोजनी नगर, मलिहाबाद, बक्शी का तालाब तथा सीतापुर जनपद का सिधौली विधानसभा क्षेत्र आते हैं और इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में भाजपा के विधायक हैं जिनमें से मलिहाबाद से वर्तमान सांसद/प्रत्याशी एवम् केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर की पत्नी जय देवी कौशल तथा मोहनलाल गंज से सांसद प्रत्याशी के नजदीकी अमरेश कुमार रावत विधायक हैं जिसका लाभ कौशल किशोर को मिल सकता है।

वर्तमान समय में चुनाव की सर गर्मी पूरे शबाब पर है सभी राजनीति दल पूरी ताकत के साथ अपने-अपने प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में झोंक दिया है अब मतदान होना शेष है मतदान में किसका पलड़ा भारी होगा यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन जनता के रुझानों को देखते हुए स्थित धीरे-धीरे स्पष्ट होती जा रही है जिसमें समाजवादीपार्टी प्रत्याशी आर के चौधरी तथा वर्तमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के बीच में सीधा

मुकाबला होने की प्रबल संभावना है।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर को 629999 तथा बसपा सपा गठबंधन प्रत्याशी सी एल वर्मा को 539796 एवं कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान में सपा प्रत्याशी आर के चौधरी को 60099 मत प्राप्त हुए थे, इस बार लगभग 90000 ऑटो से कौशलकिशोर बसपा सपा गठबंधन प्रत्याशी से जीत हासिल की थी ।

वर्ष 2019 के चुनाव में क्षेत्रीय जनता का रुझान तथा उत्साह भाजपा के प्रति देखते बनता था मोदी सरकार ने पुलवामा घटना के बाद पाकिस्तान में घुसकर जो एयर स्ट्राइक की थी उसका जनता में बहुत बड़ा संदेश गया था और गांव की जनता ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया था, लेकिन इस बार के चुनाव में ना ही कोई एयर स्ट्राइक है और ना ही मोदी सरकार के द्वारा कोई नई उपलब्धियां जनता के सामने रखी गई है जिसके कारण जनता में भाजपा के प्रति बहुत उत्साह नहीं दिखाई पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर समाजवादीपार्टी कांग्रेस गठबंधन के द्वारा प्रत्येक महिला को एक लाख रुपए, किसानों का कर्ज माफ, किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए मुफ़्त बिजली और बेरोजगार नवजवानों को मासिक भत्ता जैसी कई घोषणाएं बहुत प्रभावित कर रही हैं जो समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जाता है इसके अतिरिक्त वर्तमान सांसद के विरुद्ध जो जनता में नकारात्मकता है वह भी चुनाव में अपना प्रभाव छोड़ सकती है जो वर्तमान सांसद को भारी पड़ सकती है ।

वर्तमान समय में क्षेत्र में संविधान बदलने जैसी चचाएं भी हो रही है यह चचाएं कितनी सच और कितनी गलत है यह चर्चा का विषय है लेकिन सत्ता पक्षके लिए नुकसान दायक साबित हो रही है इन चचाओं से अनुसूचित वर्ग तथा पिछड़ी जातियों में बहस शुरू हो गई है कि यदि वर्तमान सरकार इस बार भी केंद्र में सरकार बनाती है तो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बदल सकती है इस तरह की चचाओं से अनुसूचित वर्ग में आक्रोश भी व्याप्त है जिसका सीधा लाभ सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है ।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को सभी वर्गों का समर्थन बहुतायत मिला हुआ था इनमें उनके सजातीय मतदाताओं ने लगभग 90% मतदान उनके पक्ष में किया था लेकिन इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में माहौल बदला हुआ है इस बार भाजपा तथा समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सजातीय होने के साथ ही सपा प्रत्याशी का अपनी बिरादरी में भाजपा प्रत्याशी से अधिक प्रभाव तथा लोकप्रियता भी है जो उनके चुनाव को मजबूती प्रदान करती है, वर्ष 2019 के चुनाव से इस बार 2024 के चुनाव में यदि तुलना की जाए तो इस बार जनता में सरकार तथा वर्तमान सांसद के प्रति नाराजगी तथा विपक्षी दलों द्वारा जनता को लाभ प्रदान करने वाली जो योजनाओं की घोषणा की गई है वह सब सपा प्रत्याशी के पक्ष में जाती हैं जिसका स्वाभाविक रूपसे सपा गठबंधन प्रत्याशी को लाभ मिलने की पूरी संभावना है। इस बार के चुनाव में बड़ा उलट फेर देखने को मिल सकता है सर्व समाज एवं जनता के रुझानों से यह महसूस होता है कि सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी का पलड़ा भाजपा भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर से कहीं ज्यादा भारी है। फिर भी यह चुनाव है चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो चुनाव तथा मतगणना के बाद ही पता चलेगा ।

रहीमाबाद में तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत, वीडियो आया सामने

● शनिवार सुबह से तलाश रही वन विभाग की टीम, खौफ में इलाके के लोग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेंदुए की आहट से क्षेत्र में दहशत लगातार बरकरार है शुक्रवार को रहीमाबाद मवई कला मार्ग पर स्थित इमानवल मिशन स्कूल के पास स्कूल वैन चालक समीर अली वहीं पास की एक दुकान पर कुछ समान लेने के लिए गया था। तभी उसे खेत में कुछ चलने की आहट सुनाई दी। तभी देखा कि खेत से तेंदुआ निकल रहा है। जिसका वीडियो उसने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। और तेंदए को आगे बढ़ते देख वह वहां से भाग कर स्कूल पहुंच कर खेत में तेंदुआ होने की लोगों को जानकारी दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से आसपास के लोगों में तेंदुआ का डर बना हुआ है. तेंदुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें तेंदुआ चहलकदमी करता दिख रहा है. स्कूल वैन चालक उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के गांगन बछौली निवासी समीर अली ने इसका एक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. फिलहाल वन विभाग के अधिकारी वायरल वीडियो के आधार पर तेंदुए की तलाश में जुटे हैं.पूरा मामला रहीमाबाद में बने इमानवल मिशन स्कूल के पास का है. जहां एक तेंदुए की दस्तक से आसपास के गांव मवई कला, दौलतपुर, भटपुरवा, रामनगर, महबूब खेड़ा, तिलक खेड़ा समेत उन्नाव बॉर्डर के सटे गांवों में लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है ।ग्रामीण डर की वजह से अपने खेतों में भी काम करने नहीं जा रहे हैं. अगर जाते भी हैं तो 8 से दस लोगों की टोली बनाकर खेत, बाग में काम करते हैं. वहीं गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए भी तेंदुआ का खतरा बना हुआ है. हालाँकि अमल लेखनी अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीँ इस वीडियो के वायरल होने के बाद आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं जबकि वन विभाग ने तेंदुए की तलाश में इलाके में कॉम्बिंग शुरू कर दी है।

इस संबंध में वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है टीमें मौके पर भेजी गई है लेकिन आसपास किसी भी तरह का तेंदुआ व अन्य हिंसक जंगली जानवर का पग मार्क नहीं मिले है। लेकिन टीमें बराबर कॉम्बिंग कर रही है। ग्रामीणों को निर्देश दिया की जहाँ पर जाए तो टोली बनकर जाएं अकेले न जाए और रात के समय में हाथ में मशाल या डंडा लेकर चलें और अपने अपने मवेशी जानवरों को सुरक्षित स्थान आहते या घर के अंदर बांध के रखें।

विवाहिता ने ससुरालीजनों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के तेरवा गांव निवासी नेहा दीक्षित ने सरोजनीनगर के बाग नंबर - दो, बेहसा निवासी अपने पति अवनीश कुमार शुक्ला, सास सुमन शुक्ला, ससुर राजेंद्र शुक्ला, देवर वैभव शुक्ला और मामिया ससुर शिव सहाय मिश्रा के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के अलावा दहेज उत्पीड़न की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेहा के मुताबिक बीती 2 मार्च 2019 को अवनीश से उसकी शादी हुई थी। शादी में मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। नेहा का कहना है कि बारात में ही उसके पति अवनीश द्वारा मोटरसाइकिल के बदले चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर कहासुनी की गई थी। तब रिश्तेदारों ने समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया था। लेकिन बाद में सभी आरोपियों ने पीड़िता को दहेज और नगदी कम मिलने का ताना देते हुए चार पहिया गाड़ी की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि उसकी ससुराल के उक्त सभी लोग आए दिन कम दहेज लाने की बात कहते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। आए दिन उससे दहेज में 5 लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी की मांग करते हुए उसे धमकी दी जाने लगी कि अगर यह रकम और गाड़ी नहीं मिली तो घर में नहीं रखा जाएगा। नेहा का कहना है कि बाद में रिश्तेदारों के समझाने पर सब ठीक-ठाक हो गया। लेकिन कुछ दिनों बाद अवनीश फिर 5 लाख रुपये और चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगा। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसका पति और उसके घर वाले उसे आए दिन गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही खाना पीना न देने के साथ ही उसे कमरे में बंद कर दिया गया। तब पीड़िता ने 7 अक्टूबर 2023 को किसी तरह अपने मायके वालों को बुलाकर उनके साथ मायके चली गई। इसके बाद कई बार दोनों पक्षों में समझौता हुआ, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं हुए। फिलहाल पीड़ित नेहा दिक्षित की तहरीर पर बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

युवती का सरेराह अपहरण : बाइक सवारों ने तीन घंटे बाद छोड़ा

● पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर, कई जगह पर दी दबिश

अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी महिला ने अपनी पुत्री को अगवा करने का चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित की मां ने बताया कि उसकी पुत्री खेत से लौट रही थी तभी रास्ते में दो बाइको से आए सवारों ने जबरन बेटी को अगवा कर फरार हो गए। पुलिस को सूचना देने के बाद अपहरणकताओं ने युवती को अकेला छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बेटी की मां ने बताया कि उसकी बेटी शुक्रवार को खेत गई थी वहीं से शाम को अपने घर वापस लौट रही थी। बेटी आगे आगे चल रही थी और वह कुछ दूर पीछे थी तभी दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसकी बेटी को खींचकर जबरन बाइक पर बैठाकर वहां से फरार हो गए। पीड़िता की मां ने बताया की उसने बाइक पर बैठाकर अगवा करने वालों को देख लिया है जो गांव के ही थे। पीड़िता की मां ने बेटी के अगवा करने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची। अगवा होने करीब तीन घंटे बाद आरोपियों ने युवती को गांव के पास सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। मलिहाबाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर साहिल जुहेब, जैद, भोलू पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की आरोपी ने फोन कर धमकी दी कि तुम्हारी बेटी का अश्लील वीडियो बना लिया है अगर कहीं भी गई तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।

मां ने निकाह व धर्म परिवर्तन करने भी लगाया आरोप

बेटी की मां ने बताया कि जब उसने बेटी को अगवा करने वालों को पहचान लिया तो वह उनके घर पहुंची जहां उनके परिजनों से इसकी शिकायत की। उनके परिजनों ने उल्टे ही अभद्र प्रकार की गालियां देते हु कहा की तुम्हारी बेटी का जबरन धर्मपरिवर्तन करवा कर निकाह करवा देंगे। और कुछ नहीं कर पाओगे। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एसटी एससी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर कई जगह पर दबिश दी गई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में दुबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा व्यक्ति लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। दुबई से करीब सप्ताह भर पहले लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पीड़ित परिजनों ने सरोजनीनगर थाने की एयरपोर्ट चौकी इंचार्ज को तहरीर दी। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने मामला दर्ज करने के बजाय परिजनों को 3 दिन बाद मिल जाने की बात कह कर वापस कर दिया। देवरिया जिले के सलेमपुर थाना अंतर्गत रामपुर बुजुर्ग निवासी महिला रंजन देवी के मुताबिक उसका पति जितेंद्र चौहान और देवर कामेश चौहान दुबई में रहकर मजदूरी करते हैं। रंजन देवी का कहना है कि बीती 11 मई को कामेश कुमार चौहान दुबई से अपराह्न 1:25 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइ दुबई की उड़ान (एफजेड 443) से शाम करीब 6:25 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। लेकिन घर पहुँचने के बजाय लखनऊ एयरपोर्ट से ही कहीं गायब हो गया। पीड़िता का कहना है कि अगले दिन 12 मई को जब वह अपने देवर की तलाश के लिए अपने थाना सलेमपुर गई, तो वहां उसे लखनऊ एयरपोर्ट से संबंधित थाने पर जाने को कहा गया। इसके बाद पीड़ित परिजन लखनऊ पहुंचे और लखनऊ एयरपोर्ट से संबंधित थाना सरोजनीनगर की एयरपोर्ट पुलिस चौकी पर तहरीर दी। रंजन देवी का आरोप है कि एयरपोर्ट चौकी इंचार्ज ने तहरीर लेकर उसे 2 - 3 दिन बाद मिल जाने की बात कहते हुए तहरीर अपने पास रख ली। उधर सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी का कहना है कि उन्हें ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है। सोशल मीडिया से मामले की जानकारी मिली है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ गैर - संचारी बीमारियाँ हैं - शिवानी अस्थाना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ गैर-संचारी बीमारियाँ हैं जो किसी व्यक्ति की दैनिक आदतों जैसे अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता, धूम्रपान या गलत मुद्रा के कारण होती हैं। ये बीमारियाँ पुरानी स्थितियों को जन्म दे सकती हैं, जिनमें शामिल हैं:दिल की बीमारी, आघात, मधुमेह, मोटापा, चयापचयी लक्षण, लंबे समय तक फेफड़ों में रुकावट कुछ प्रकार के कैंसर उच्च रक्तचाप यहां कुछ जीवनशैली चिकित्सा अनुशंसाएं दी गई हैं:

शारीरिक गतिविधिः सप्ताह में कम से कम पांच दिन मध्यम तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि का अभ्यास करें

आहारः स्वस्थ, संतुलित और विविध आहार लें। संतृप्त और ट्रांस फैटी एसिड सीमित करें, और कोलेस्ट्रॉल का सेवन कम करें ।

युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर युवक ने किया दुष्कर्म

शादी डॉट कॉम के जरिए हुई थी युवती से दोस्ती

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। जानकीपुरम इलाके की एक युवती ने साल भर पहले शादी डॉट कॉम के जरिए हुई दोस्ती के बाद दिल्ली के एक युवक पर सरोजनीनगर इलाके के एक होटल में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि युवक ने इस दौरान उसकी अश्लील फोटो बनाकर शादी से इनकार कर दिया। फिलहाल युवती की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राजधानी के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के मुताबिक वर्ष 2023 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से दिल्ली में रहने वाले राजेंद्र वर्मा के बेटे अश्वनी कुमार वर्मा से उसकी दोस्ती हुई थी। तब अश्वनी ने खुद को डीआरडीओ विभाग में वैज्ञानिक बताया था। आरोप है कि बाद में आरोपी ने शादी को लेकर अपने माता-पिता से मिलने युवती को अपने घर दिल्ली बुलाया। लेकिन वहां पहुंचने पर युवती को आरोपी युवक के घर पर कोई परिजन नहीं मिला। तब वह वापस लखनऊ आ गई। युवती का कहना है उसके बाद आरोपी बराबर उसके संपर्क में रहा और बातचीत होती रही। इस बीच आरोपी उससे मुलाकात करने दो बार लखनऊ भी आया। जहां आरोपी के कहने पर बीती 4 अप्रैल को पीड़िता उसके साथ सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में ठहरी। युवती का कहना है कि उस दौरान आरोपी ने खाने में उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ होटल में जबरन दुराचार किया और उसकी अश्लील फोटो खींच ली। बाद में वह दिल्ली लौट गया। इस दौरान कहीं शिकायत करने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि बाद में आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर भी ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। पीड़िता के मुताबिक परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की। जिस पर उसे जानकीपुरम थाने भेज दिया गया। लेकिन जानकीपुरम पुलिस ने घटनास्थल सरोजनीनगर का बता कर वहां से वापस कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है और रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भाजयुमो नेता पर जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की रात भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी पर पुरानी रंजिश मे धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार जानलेवा हमले के दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुशान्त गोल्फ सिटी के अवध शिल्प ग्राम चौराहा के पास बनी कालोनी में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी अपने परिवार के साथ रहते है, भाजयुमो नेता ने बताया बीते शुक्रवार की शाम पकंज तिवारी के साथ अपनी कार से धोधनखेड़ा गांव जा रहे थे. चौराहे पर पहुंचकर कार से बाहर निकलकर मोबाइल फोन पर बात करने लगे तभी पुरानी रंजिश को लेकर दबंग किस्म के अभिषेक शर्मा व ध्रुव भट्ट ने धारदार हथियार से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह लहुलूहान कर जान से मारने का प्रयास किया ओर असलहा तान कर दोबारा पंगा लेने पर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले ।राहगीरो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल भाजयुमो नेता को इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर गयी ।सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया भाजयुमो नेता की तहरीर पर दोनो आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

युवती संग दुष्कर्म कर बनाई अश्लील वीडियो

● शादी से किया इंकार शिकायत पर वीडियो वायरल की दी धमकी

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जाँच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , सरोजनीनगर थाने पर शनिवार सुबह एक युवती ने साल भर पूर्व शादी डॉट काम से हुई दोस्ती के बाद थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित एक निजी होटल में युवक द्वारा खाने पिने के दौरान नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो बना शादी से इंकार कर देने का आरोप लगा शिकायत की हैं शिकायत पर पुलिस मामले की जाँच में जुटी है लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के मुताबिक वर्ष 2023 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से उसकी दोस्ती दिल्ली के द्वारिकापुरी निवासी आरोपी अश्वनी कुमार वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा से हुआ थो आरोपित ने अपने को डीआरडीओ विभाग में वैज्ञानिक बताया थो फोन पर उसने शादी के लिए अपने माता पिता से मुलाकात कराने के लिए उसे दिल्ली अपने घर बुलाया था जिस पर वह दिल्ली गई थी लेकिन युवक के घर पर कोई परिवारीजन न देख वापस लखनऊ आ गई थीं जिसके बाद भी निरंतर वह आरोपी के संपर्क में थी और बातचीत होता रहता था आरोपी उससे मुलाकात करने के दो बार लखनऊ आया था और होटल में उसकी मुलाकात हुई थी आरोप है कि बीते 4 अप्रैल को आरोपी लखनऊ आया था आरोपी के कहने पर पीड़िता उसके साथ ट्रांसपोर्ट नगर के एक होटल में ठहरी थी जहाँ दोनों लोगो ने एक साथ खाया भी था इस अवसर का लाभ उठा आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे उसका सर भारी हो गया था उसके आपत्ति के बावजूद भी आरोपित ने होटल के कमरे में उससे सम्बन्ध बनाया और उसकी फोटो खींची जिसके बाद वह वापस दिल्ली लौट गया था और उसका मोबाईल नंबर भी ब्लैक लिस्ट कर दिया था पीड़िता के मुताबिक अपने साथ हुई इस घटना को लेकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है जिस पर उसे जानकीपुरम थाने पर भेजा गया था लेकिन पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की घटना नहीं बताकर उसे बैरंग लौटा दिया पीड़िता ने मामले की शिकायत सरोजनीनगर थाने पर की हैं मामले में एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है पीड़िता की दोस्ती शादी डॉट कॉम से हुआ था आरोपी शादी से मुकर गया है पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने पर शिकायत की हैं शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई किया जाएगा

मासूम शावकों की निर्मम हत्या का फुटेज सोसल मिडिया पर हुआ वायरल, मचा हड़कंप

● आसरा संस्था ने संज्ञान में लेते हुए आशियाना थाने पर की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रूचि खंड द्वितीय के एक आवासीय मोहल्ले में दो मासूम शावकों को एक बुर्जुग द्वारा अपने दोनों हाथो में उठाकर घर के भीतर जाने और शावकों की बेरहमी से जान लेने के बाद पन्नी में रख स्कूटी से ले जाते बुजुर्ग की करतूत गली में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गया जो शनिवार सुबह से सोसल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा जिससे हड़कंप मच गयो वायरल वीडियो को पशु प्रेमी संस्था आसरा द हेल्पिंग की संचालिका हंस नगर पारा निवासी चारु खरें ने संज्ञान में लेते आरोपित बुजुर्ग रूचि खंड द्वितीय मकान संख्या 2/232 निवासी कौशल किशोर श्रीवास्तव एवं उनके बेटे राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ आशियाना थाने पर शिकायत की हैं मामले में आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी बुजुर्ग रोडवेज से सेवानिवृत्त है संस्था अध्यक्षा की शिकायत पर मामले में जाँच की जा रही है बुजुर्ग ने मामले में जानकारी दौरान स्वीकार किया है कि उसने क्रोध वश दोनों शावकों को चार दिन पूर्व बीते 14 मई को पन्नी में भर कूड़े के ढेर में फेक दिया था मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है स्थिति स्पष्ट हो जाने पर विधिक कार्यवाई किया जाएगा

विवाहिता ने ससुरालीजनों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के गढ़ी चुनौटी स्थित बनियन खेड़ा निवासी निर्मला लोधी ने बाजार खाला के नंदा खेड़ा में रहने वाले अपने पति संदीप राजपूत, सास, ननद, देवर और ननदोई के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और दहेज उत्पीड़न की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। निर्मला का कहना है कि उसकी शादी 19 जून 2020 को संदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज में 5 लाख रुपये की मांग को लेकर उक्त सभी आरोपी उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप कि अस्पताल में एक पुत्री को जन्म देने पर हॉस्पिटल का सारा खर्चा पीड़िता के मां-बाप को ही वहन करना पड़ा। उसके गर्भवती रहने के समय संदीप और उसके भाई ने उसे जंजीर से बांधकर रखा और मारा पीटा। आरोप है कि 22 अगस्त 2021 को उसने रक्षाबंधन में राखी बांधने अपने मायके जाने की बात कही तो संदीप ने उसे गाली देते हुए मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह अपने मायके पहुंची तो पति संदीप और देवर ने मायके पहुँच कर उससे गाली गलौज के साथ अवैध असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है परेशान होकर उसने पारिवारिक न्यायालय की शरण ली। तब 16 मई 2023 को न्यायालय के आदेश पर वह पति के साथ रहने चली गई। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर उसका पति शराब पीकर उससे मारपीट करने के साथ फिर 5 लाख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसकी सास ने भी उसे कमरे में बंद कर मारा पीटा। उस समय वह तीन माह की गर्भवती थी। लेकिन उसकी सास ने धक्का देकर गिरा दिया। पीड़िता ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। तब वह अपने मायके में रहने चली गई। 16 नवंबर 2023 को पीड़िता के पेट में अचानक तेज पीड़ा होने पर मायके वालों ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसने एक मृत शिशु को जन्म दिया। डॉक्टरों ने पेट में चोट लगने से शिशु की मौत होना बताया। इसके बाद पीड़िता ने एसीपी कृष्णा नगर से इसकी शिकायत की। तब एसीपी कृष्णा नगर के आदेश पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप

पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन

उन्नाव। चंद्रशेखर इंटर कॉलेज में अमर उजाला फाउंडेशन व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी नगर /यातायात सोनम सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्रा, यातायात से उप निरीक्षक तिलक सिंह परिवार परामर्श केन्द्र समिति प्रभारी डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव व अमर उजाला परिवार से प्रशांत कुमार, शुभम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात सोनम सिंह ने समस्त छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों,18 वर्ष से ऊपर के बच्चों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए आवश्यक प्रपत्रों, सेल्फ डिफेंस, नारी सशक्तिकरण के समस्त हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर प्रमोद कुमार मिश्रा ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को साइबर से संबंधित हो रहे अपराधों की संपूर्ण जानकारी दी तथा शासन द्वारा प्रदत्त हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद कैफ, प्रबंधक डॉक्टर सबीहा व सहप्रबंधक जेनी द्वारा कॉलेज में आए हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया और उनका आभार प्रकट किया।

सड़को पर पड़ी निर्माण सामग्री नगर पालिका प्रशासन मौन

उन्नाव। सड़कों व गलियों में निर्माण सामग्री का ढेर लगाने वालों पर नगर पालिका परिषद शिकंजा नहीं कस पा रही है। जबकि पिछले साल पालिका ने इसके लिए योजना तैयार करते हुए जुमार्ना जमा कराना तय किया था। रास्ते में जगह-जगह निर्माण सामग्री पड़ी रहने से लोगों को जहां निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रास्तों पर बिखरी मौरंग-बालू से दोपहिया वाहन स्लिप होने से वाहन सवार चुटहिल हो रहे है जानकारी के मुताबिकलखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व उन्नाव-हरदोई राज्य स्तरीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर निर्माण सामग्री के जगह जगह ढेर लगे हुए है। निर्माण सामग्री के कारोबारी आमतौर पर फुटपाथ सहित सड़कों तक अपना बारदाना फैलाए हुए हैं। इसी तरह से गलियों में भी जगह-जगह भवन निर्माण कराने वार्ले ईटा, मौरंग व बालू आदि अन्य सामग्री एकत्र करा देते हैं। निर्माण सामग्री के जरिए रास्तों पर अतिक्रमण किए जाने से रास्ते संकरे हो जाते हैं, जिससे जाम की समस्या बन जाती है। वहीं दोपहिया वाहन स्लिप होने लगते हैं। नगर पालिका परिषद ने पिछले साल शासन के निर्देश पर रास्तों पर निर्माण सामग्री के जरिए अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना जमा कराना तय किया था। इसके बावजूद अब तक न तो किसी निर्माण सामग्री एकत्र करने वाले को नोटिस जारी की गई और न ही किसी पर जुमार्ना ही लगाया जा सका, जबकि निर्माण सामग्री की वजह से लगातार वाहन सवार चुटहिल होते रहते हैं। लोगों का कहना है कि पालिका को संबंधित करोबारियों सहित अन्य अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

महाविद्यालय के छात्रों ने सामाजिक आर्थिक का किया अध्ययन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के डीएसएन महाविद्यालय के भूगोल विभाग के छात्रों ने किया उत्तराखंड के चम्पावत का भू आकृतिक एवं सामाजिक आर्थिक अध्ययन। डीएसएन महाविद्यालय के भूगोल विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों ने 7 मई से 11 मई के मध्य उत्तराखंड राज्य के चम्पावत में प्रवास कर क्षेत्र की भू-आकृतिक विशेषताओं के साथ ही क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक विशेषताओं का भी अध्ययन किया। ज्ञात है कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के पाठयक्रम में एम.ए. द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण तथा क्षेत्र अध्ययन को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है जिसमें छात्रों को क्षेत्र विशेष में जा करके उसकी भौतिक एवं सामाजिक आर्थिक दशाओं का अध्ययन कर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। विभागाध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा चम्पावत नगर का सामाजिक आर्थिक सवेक्षण किया गया तथा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों द्वारा क्षेत्र की भुआकृतिक विशेषताओं तथा उनका जलवायु एवं जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया। विभाग के छात्रों के द्वारा किया गया ये अध्ययन न केवल छात्रों को परीक्षा के लिए उपयोगी होगा वरन नई शिक्षा नीति में निहित आत्मनिर्भरता एवं अनुसंधानपरक चिंतन हेतु छात्रों को प्रेरित करेगा जो कि एक बुद्धिजीवी एवं सशक्त नागरिक के रूप में उनके निर्माण की आधारशिला होगा। प्राचार्य प्रो. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि हमारा महाविद्यालय जनपद का अग्रणी महाविद्यालय है जो विविध माध्यमों से शिक्षा देनें हेतु प्रयासरत है हम जनपद के मेधावी विद्यार्थियों का अपनें महाविद्यालय में स्वागत करते हैं । अध्ययन में प्रतिभागी एवं मार्गदर्शक के रूप में डॉ. अंजना शुक्ला ,डॉ. शैली गुप्ता विभागीय कर्मी अनुराग सिंह एवं रामकुमार की प्रभावी भूमिका रही। प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रखर शुक्ला, ललित सिंह, उपासना परिहार,रूबी राजपूत, दिलीप कुमार आदि छात्रों नें अध्ययन में सक्रिय प्रतिभाग किया।

आगरा एक्सप्रेसवे पर धू-धू कर जली कार सवार लोगों ने कूद कर बचाई अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक लग्जरी कार अचानक धू-धू कर जलने लगी। जिससे लखनऊ की ओर जा रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आग लगते ही कार में बैठे यात्री उतरकर भाग खड़े हुए। जिससे उनकी जान बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक लग्जरी कार आज सुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज गति से लखनऊ की ओर जा रही थी। तभी करीब साढ़े दस बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में ग्राम रसूल पुर स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय के सामने कार में अचानक आग लग गई और कार तेज धुएं के साथ धू-धू कर जलने लगी। यह देखकर कार में बैठे यात्री आनन-फानन उतरकर भाग खड़े हुए। कार जनपद औरैया से लखनऊ जा रही थी। एक्सप्रेस वे से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों के जरिए सूचना मिलते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम और बेहटा पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। यूपीडा कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। किंतु आग इतनी प्रचंड थी कि कार जलकर खाक हो गई। आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देखकर पीछे से आ रहे सभी वाहन रुक गए और वाहनों की लंबी कतार लग गई। आग की लपटें थमनें के बाद पुलिस और रेस्क्यू टीम ने कार के जले मलबे को किनारे कर एक्सप्रेस वे पर आवागमन बहाल कराया। हालांकि घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव/ सदर कोतवाली क्षेत्र के अब्बासपुर गांव के रहने वाले दूधिया का शनिवार सुबह संदिग्ध हालत में गांव के बाहर फंदे से शव लटका मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का कारण परिजन भी स्पष्ट नहीं कर सके। सदर कोतवाली क्षेत्र के अब्बासपुर गांव के रहने वाले राजेश का चौबीस वर्षीय अविवाहित बेटा दीपू यादव दूध बिक्री करने का काम करता था। सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर टीन शेड पर फंदे से शव लटका देखा तो होश उड़ गए। ग्रामीणों ने परिजन व पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक रात घर से निकला था। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो भाई महेंद्र ने फोन मिलाया। मगर फोन नहीं उठा था। मृतक दीपू चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। भाईयों में जीतेंद्र, महेंद्र व दीपक हैं। बेटे की मौत को लेकर मां रामरानी रो-रोकर बेहाल होती रही।

नगर पंचायत बना बड़ा शहर आए दिन मार्ग पर लगता जाम

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी भी बड़े नगरों व शहरों से कहीं कम नहीं है। इस नगर पंचायत में भी प्रमुख मार्ग पर कई कई घंटे जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। इस समस्या के निराकरण की ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जाता है। फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत के अंदर से काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग है और इस मार्ग पर नगर पंचायत सीमा के अंतर्गत शराब ठेके से लेकर बूढ़े बाबा चौराहे तक प्रतिदिन दिन में कई कई बार जाम की समस्या पैदा होती है। जानकार लोगों का कहना है कि इस जाम की समस्या में यदि फंस जाओ तो कई घंटे एक तरफ से दूसरे तरफ निकलने में लग जाते हैं। इस दौरान मरीज को ले जा रही है कोई एंबुलेंस आ जाये तो वह भी जाम में फंस जाती हैं।लेकिन इस समस्या के निराकरण के लिए किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान अभी तक इस ओर नहीं गया है। और जाम लगते ही सैकड़ो की संख्या में वाहन यहां दोनों तरफ जमा हो जाते हैं जिनको निकलने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है तब कहीं जाकर जाम से बाहर निकल पाते हैं।नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी यह मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग का बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इस जाम समस्या को लेकर मार्ग के दोनों तरफ के दुकानदार और मार्ग से निकलने वाले वाहन स्वामी सभी परेशान रहते हैं। और कहते हैं कि नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी भी अब कहीं नगरो और शहरों से कम नहीं रह गया है।

खनन माफियाओ के हौसले बुलंद रात के अंधेरे में करते हैं धरती माता का सीना छलनी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद स्थानीय पुलिस खनन माफियाओं से अनुतोष प्राप्त कर लिया जाता है। फिर रातों रात धरती मईया का सीना छलनी कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कुरसठ, सुभानी खेड़ा, कनिगांव, अनवर खेड़ा,कुलहा,बारीथाना, मत्तू खेड़ा दुर्गा खेड़ा नंगा खेड़ा जैसे दर्जनों गांवों में लगातार तीन जेसीबी लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रैक्टर पन्द्रह दिनों से खनन माफियाओं द्वारा आयदिन रातों रात खनन किया जा रहा है। राजस्व विभाग व थाना प्रभारी के रहमो-करम पर दिन प्रतिदिन तालाबों से जेसीबी द्वारा मिट्टी निकालकर लाखों रुपए की बिक्री की जा रही है। खनन माफियाओं के हौंसले दिन प्रतिदिन बुंलद होते जा रहे हैं। राजनीति करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख पर बट्टा लगा रहें हैं। उनके ही मुलाजिम मुख्यमंत्री की छबि धूमिल करने पर आमादा है। जनपद के खनन अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई बुलेट युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर प्वाइंट संख्या 278 पर लखनऊ से आगरा जा रहे एक्सप्रेस वे के रास्ते दुर्गेश पांडेय पुत्र हरि शंकर पांडेय निवासी 321न्यू कालोनी नानवर 1बिरला नगर ग्वालियर मध्य प्रदेश जिनकी बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे दुर्गेश घायल हो गया सूचना पर यूपीडा ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गाँव तौरा रहने वाले एक युवक का शव दही पुरवा मार्ग पोलार्ड सिटी के पास खेतों में पड़ा मिलने से जानवर चरवाहों ने शव की पहचान की शव की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी परिजनों को दी गयी। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।कोतवाली क्षेत्र के गाँव तौरा के रहने वाले गुरू लोध 50 वर्ष जो कि परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर दो बजे जानवर चराने खेतो की तरफ गए थे। देर शाम तक घर वापस न होने पर परिजन उनकी खेजबीन करते रहे। दूसरे दिन शनिवार को गुरू दीन का मृत शरीर तौरा गाँव के बाहर दही पुरवा रोड़ पर बने पोलार्ड सिटी के समीप खेतों में पड़ा मिला। शव की पहचान खेतो पर जानवर चराने गए गाँव के कुछ ग्रामीणों ने पहचान कर मामले की जानकारी परिजनों को दी। घटनास्थल पर पहुँचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुरवा पुलिस को दी। मौके पर कोतवाल कुँवर बहादुर सिंह पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। मृतक खेती किसान कर परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक के पुत्र व पुत्रियों में नेहा,पूजा,प्रियांशी,सूरज, प्रीती पत्नी अनीता का रो रोकर बुरा हाल है। पुत्री नेहा की जुलाई माह में शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

अवैध तमंचा के साथ युवक का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से अवैध असलहे से फायरिंग कर रील सोशल मीडिया पर डालने से युवक काफी चर्चा में आ गया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।थाना क्षेत्र के चौकी भगवन्तनगर के गाँव अजीतीखेड़ा के निवासी सुमित सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है जिससे वह फायर करते हुए दिख रहा ।युवक का तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। फिलहाल अमनलेखनी हिंदी दैनिक इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता। वीडियो वायरल होने के बाद बिहार थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के आवास विकास कालोनी में अधेड़ युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर झूल गया उसको फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजन उसे फंदे से नीचे उतार कर जिला अस्पताल ले गए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गईथाना दही क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी ए ब्लाक निवासी अश्वनी कुमार तिवारी 54 वर्ष पुत्र नंद किशोर तिवारी ने बीती देर रात किसी कारण वश घर के अंदर फांसी लगा ली उसको फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनो के होश उड़ आनन फानन परिजन उसे फंदे से नीचे उतार कर जिला अस्पताल ले गए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

इंजन के पट्टे में फसने से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमाल नगर निवासिनी टेकरानी पत्नी विजय कुमार जो की परिजनो के साथ अपने खेत में पानी लगाने के लिए इंजन चल रहा था की वही टेकरानी भी वहा मौजूद थी की उनका संतुलन बिगड़ गया और इंजन के पट्टे में फंसकर बुरी तरह घायल हो गई वही जानकारी पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर पहुंचे जहां जहां गंभीर अवस्था में ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया जबकि परिजनो के मुताबिक अभी वह लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जा रहे थे की रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

पीतल के कारोबार से मशहूर अब पहचान को मोहताज

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कस्बा भगवंत नगर अपने खास ब्यवसाय हाथ से बनी शानदार पीतल की कारीगरी को लेकर जाना पहचाना जाता था। धीरे धीरे अब इसकी पहचान गुम होती जा रही हैं। भगवंतनगर बाजार कभी पीतल उद्योग में अपना लोहा मनवाता था और उन्नाव रायबरेली फतेपुर कानपुर लखनऊ सहित अन्य जिलों के भी लोग पीतल की पच्चीकारी किये हुए बर्तन खरीदने आते थे। स्टील के बर्तन आ जाने से पीतल की चमक को कौन कहे पीतल उद्योग अब यह खुद अपनी पहचान का मोहताज हो गया है। उपेक्षा का आलम यह है कि यहां के कारीगर जहां पलायन कर चुके हैं, वहीं गिने-चुने कारोबारी ही बचे हैं। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से 20 किलोमीटर दूर कस्बा भगवंत नगर का बाजार 90 के दशक तक पीतल उद्योग में अपना परचम लहराता रहा, लेकिन समय के साथ अब यह गुमनामी में खोता जा रहा है। भगवन्तनगर के पीतल ब्यवसाइयो में मनोज बर्तन भण्डार, सोनू बर्तन भण्डार,दिनेश बर्तन भण्डार, कमलेश बर्तन भण्डार, सुरेश बर्तन भण्डार, बाला जी बर्तन भण्डार आदि का कहना है किसी समय हाथ की कारीगरी से बने पीतल के बर्तनों की मांग बहुत ज्यादा थी लेकिन आधुनिक बर्तन आ जाने के कारण अब मांग नही रह गयी। पुराने बर्तन ब्यवसाइयो ने या तो अपना रोजगार बदल दिया है या जीविकापार्जन हेतु अन्य स्थानों पर चले गए है। वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र का नाम भगवन्तनगर विधानसभा के नाम से होने के कारण कस्बा पहचाना जाता है

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पैरामिलिट्री फोर्स एवं क्षेत्राधिकारी ने किया पैदल मार्च

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा,झांसी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह के नेतृत्व में कस्बा के बाजार सहित विभिन्न मोहल्ले में बड़ी संख्या में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों एवं कोतवाली पुलिस बल के जवानों द्वारा पैदल मार्च किया गया ।फ्लैग मार्च कर पैरामिलिट्री फोर्स एवं पुलिस के जवानों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और जनता से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की ।पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया की पैदल फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है। इस दौरान जवानों ने अति संवेदनशील पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया।

पूर्व विधायक के नेतृत्व में गठबंधन पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर में किया जनसंपर्क

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सपा कांग्रेस ने झोंकी ताकत

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा झांसी। नगर गरौठा में जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के समर्थन में समाजवादी पार्टी के पूर्व गरौठा विधायक दीपनारायण सिंह यादव ने सपा कांग्रेस कार्यकताओं के साथ सघन जनसंपर्क किया, जिससे नगर के लोगों में सत्ता परिवर्तन की चचार्एं जोर पकड़ने लगी। पूर्व विधायक ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो हमारे घोषणा पत्र में सभी किसानों के कर्ज माफ किए जायेगा और गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 100000 मिलेंगे, युवाओं को रोजगार के साथ 25 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा ।इस मौके पर पूर्व विधायक के साथ नगर भ्रमण में समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल स्वामी, कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव चंद्र प्रकाश चौरसिया, राजेंद्र सिंह बुंदेला जिला महासचिव, नगर अध्यक्ष गुरसराय इकबाल खान, नगर अध्यक्ष गरौठा विपिन दुबे, रानू जायसवाल, अतीक मामू, हारुन खान पार्षद, महीपत सिंह पूर्व प्रधान डुमरई, सुधीर जायसवाल, राजेश पाल, संध्या यादव, जनक सिंह गौर विधानसभा अध्यक्ष, इंद्रपाल सिंह, महिपाल सिंह परिहार, राजेश सिंह परिहार, बॉबी यादव, भवन यादव, श्रीपत यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे।

लंबी बीमारी के बाद बसपा नेता का इलाज के दौरान हुआ निधन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी बहुजन समाज पार्टी के पूर्व नेता व प्रमुख समाजसेवी इकबाल खां का शनिवार की दोपहर को लंबी बीमारी के चलते आज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी इकबाल खां पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। आज शनिवार की दोपहर को अस्पताल में ही उनका निधन हो गया। इकबाल खां के निधन की खबर पाकर ग्राम और क्षेत्र के हजारों लोग उनके आवास पर जमा हो गए। उनके जनाजे की नमाज रविवार को बाद नमाज जोहर पढ़ाई जाएगी। उनके आवास पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख अर्जुन लाल दिवाकर, पूर्व विधायक बदलू खां, बहुजन समाज पार्टी के कोऑर्डिनेटर नौशाद अली, सहित कई पार्टियों के नेता और हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहा।

सम्पादकीय

भीषण गर्मी व प्रचंड लू से बढ़ रही मौतें चिंताजनक

चुनावी गर्मी के साथ मौसम की गर्मी भी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की है। अप्रैल में ही इसकी वानगी हम देख चुके हैं, बीते कुछेक वर्षों की तुलना में इस बार अप्रैल माह अधिक गर्म बीता है। वर्ष दर वर्ष दुनिया भर में तापमान में वृद्धि हो रही है। अत्यधिक गर्मी से भारत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, गर्मी जनित रोग बढ़ रहे हैं, लोगों की मौतें गर्मी से हो रही हैं। भीषण गर्मी व प्रचंड लू से दिन ब दिन बढ़ रही मौतें चिंताजनक हैं। ताजा अध्ययन के मुताबिक, दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.53 लाख से अधिक मौतें भीषण गर्मी या लू के कारण होती हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया है। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और 8 फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। हर वर्ष गर्मियों में होने वाली कुल डेढ़ लाख से अधिक अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। यह अध्ययन 'पीएलओएस मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई, जिसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। जीवाश्म ईंधन आधारित उद्योग, चिमनियां, वाहनों से निकलने वाले धुएं, अत्यधिक आबादी के चलते कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन, जंगलों में आग, ज्वालामुखी विस्फोट आदि अनेक कारण हैं, जिनसे धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य से निकलने वाली पराबैगनी किरणों के चलते बने ब्लैक होल से भी धरती पर उत्यधिक उष्मा पहुंच रही है। गर्मी के मौसम में तापमान इतना अधिक बढ़ जा रहा है कि वह लोगों के लिए असह्य हो रहा है। निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण चुनाव का प्रमुख मुद्दा नहीं बन पाता है, शायद इसलिए सरकार इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर एजेंडा तैयार नहीं करती है। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' (डब्ल्यूडब्ल्यूए) समूह नामक वैज्ञानिकों की टीम ने इस बार अप्रैल में लगातार 17 दिनों तक अत्यधिक गर्मी को खतरे के संकेत के तौर पर लिया है। इस टीम के मुताबिक, इसी तरह की भीषण गर्मी का सामना प्रत्येक 30 साल में एक बार करना पड़ सकता है और जलवायु परिवर्तन के कारण पहले से ही इसकी संभावना लगभग 45 गुना अधिक हो गई है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रचंड लू पूरे एशिया में गरीबी में रहने वाले लोगों के जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही है। भीषण गर्मी व प्रचंड लू के चलते स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाता है। आज जरूरत जलवायु परिर्तन के असर को कमतर करने के लिए हरित पर्यावरण, प्राकृतिक रहन-सहन व खान-पान, भीषण गर्मी की चेतावनी प्रणाली, हरित विकास व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच आदि के क्षेत्र में समग्रता से काम करने की जरूरत है।

विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

पाक के खिलाफ खौल रहा पीओके

> पीओके में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। अब पीओके के लोग पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए हैं और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वांइट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगें उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं। अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा।

पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपये प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है, जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली विलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गाड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक है, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। तिस पर भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार

की पीओके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो विलय की दिशा में बढ़ रही है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मे वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है, लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसा मुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का अफगानिस्तान व ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।

पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस

योगेश कुमार गोयल

वर्ष दर वर्ष जानलेवा होता डेंगू

अन्य घातक बीमारियों के साथ-साथ डेंगू भी अब ऐसी गंभीर बीमारी बन चुका है, जिसके जोखिम को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। प्रतिवर्ष डेंगू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। डेंगू उन घातक बीमारियों में से एक है, जिसका यदि समय से इलाज नहीं मिले तो यह जानलेवा हो सकता है। भारत में प्रायः जून से अक्तूबर के दौरान डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। अब तो स्थिति यह है कि देशभर में डेंगू की भयावहता को लेकर हर साल हाहाकार सा मचा नजर आता है। डेंगू से बचाव को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए ही प्रतिवर्ष स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक विशेष थीम के साथ 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस 'डेंगू रोकथामः सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।

डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। वर्ष 2018 में भारत में एक लाख से भी ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए थे और एम्स द्वारा डेंगू के दस वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह तथ्य भी सामने आया था कि केवल एम्स में ही डेंगू से मृत्युदर 7-10 फीसदी थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2023 में देश में डेंगू के मामलों की संख्या करीब ढ़ाई लाख थी। माना जाता रहा है कि अक्तूबर माह के बाद रात के तापमान में गिरावट आने पर डेंगू के मच्छर स्वतः ही खत्म हो जाते हैं लेकिन समय के साथ-साथ स्थिति खतरनाक होती जा रही है और डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का प्रकोप अब सर्दी के मौसम में भी शांत नहीं होता। डेंगू अब साल-दर-साल इतना जानलेवा होता जा रहा है कि मौसम में बदलाव के बावजूद सर्द मौसम में डेंगू के सैंकड़ों मरीज सामने आने लगे हैं।

डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को प्रायः तेज सिरदर्द होता है और लगातार बुखार आता है, जो 100 डिग्री के आसपास बना रहता है लेकिन डेंगू के मरीजों के मामलों में कुछ समय से यह चिंताजनक स्थिति भी देखी जाने लगी है कि बहुत से मरीज अब ऐसे भी सामने आते हैं, जिनमें बुखार तथा सिरदर्द जैसे लक्षण नदारद होते हैं और केवल शारीरिक कमजोरी तथा प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण ही देखने को मिलते हैं। सिर्फ थकान और कमजोरी की शिकायत करने वाले ऐसे मरीजों में डेंगू की पहचान करना बड़ा मुश्किल होता है। रक्त जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर ही उनमें डेंगू की पुष्टि की जा सकती है। डेंगू के लक्षणों में आए इस बड़े बदलाव को लेकर किए गए अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि एडीस मच्छर के वायरस और स्ट्रेन में बदलाव के कारण ही ऐसा हो रहा है। हालांकि चिकित्सक इस बदलाव को जानलेवा तो नहीं किन्तु चिंताजनक अवश्य मानते हैं।

वायरस संक्रमण के कारण डेंगू होता है, जो मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है। केवल मादा मच्छर में ही डेंगू का वायरस होता है और यह मच्छर दिन में ही काटता है। एडीस मच्छर के काटने के करीब 3-5 दिनों बाद डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। वायरस संक्रमण श्वेत रक्त कोशिकाओं पर धावा बोलता है, जिससे डेंगू पीड़ित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है। प्लेटलेट्स कम होने पर शरीर के अंदरूनी हिस्सों में ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। इलाज सही मिले तो स्थिति जल्द नियंत्रित हो सकती है अन्यथा डेंगू जानलेवा साबित हो सकता है। जब डेंगू अपनी खतरनाक अवस्था में पहुंचता है तो जानलेवा हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में रोगी की प्लेटलेट्स बेहद कम हो जाती है, उसका रक्तचाप तेजी से नीचे गिरता है और शरीर के अंदरूनी अंग कार्य करना बंद कर देते हैं, जिससे रोगी की मृत्यु हो सकती है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में लगातार बुखार रहने के साथ-साथ सिरदर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण देखे जाते हैं। इसके अलावा बुखार के साथ नाक बहना, खांसी, आखों के पीछे दर्द, त्वचा पर हल्के रैशेज, भूख कम होना, कमजोरी जैसे लक्षण भी देखे जाते हैं

शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है

संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें

संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

अंतर्मन

आज की पाती

बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

-मनीष पांडे, जगदलपुर

ट्रेंड

जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे

ओड़िशा में भाजपा सरकार बनने पर 6 दिन के अंदर श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबी से संबंधित जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करेंगे। हम श्री जगन्नाथ भक्तों के लिए मंदिर के सभी चारों द्वारों को खोलकर मंदिर की व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

सच्चाई नहीं दिखती

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में बोला कि मैं यहां का प्याज खाकर और यहां के कपास से बने हुए कपड़े पहनकर बड़ा हुआ हूं। वो ये भी कहते हैं मैंने भिक्षा मांगकर अपना जीवन गुजारा। उनकी एक भी बात में सच्चाई नहीं दिखती।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

जनता का पैसा

भाजपा ने गूगल पर 100 करोड़ का प्रचार करने का रिकॉर्ड बनाया है। ये जनता का पैसा है, जो चुनावी चंदे के रूप में कंपनियों से बटोरा है और जनता से वसूला है और दूसरी तरफ कोरोना के दौरान घपले वाला केयर फंड बनाकर भाजपा ने जनता से सीधे भी वसूला है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

एआई सीखेंगे

अगली पीढ़ी के फिल्म निर्माता फिल्म स्कूलों में नहीं जाएंगे। वे सीखेंगे कि एआई सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किसी फिल्म को कैसे 'प्रॉम्प्ट' किया जाए। क्या मैंने अगली पीढ़ी कहा? हम अगले साल इस बार एआई जेनरेट फिल्में बनाएंगे।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

करंट अफेयर

तीसरी बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी

पाकिस्तान मूल के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा, 'मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे।

ऑफ बीट

धार्मिक अनुभव बदल सकता है मेटावर्स

नई तकनीकें हमेशा हमारे धार्मिक अनुभवों में नयापन और बदलाव लेकर आई हैं। 1880 के दशक में रेडियो सुनना कई लोगों की नजर में धार्मिक महत्व रखता था क्योंकि उन्हें ऐसा लगता था कि रेडियो में सुनाई दे रही आवाज किसी और लोक से आ रही है। उस दौरान प्रेतात्माओं से संवाद करने के लिए होने वाली सभाएं काफी लोकप्रिय हो गई थीं क्योंकि कुछ लोगों को लगता था कि रेडियो ने आध्यात्मिक दुनिया के लिए एक द्वार खोल दिया है। भले ही दुनिया के कुछ हिस्सों में औपचारिक धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी देखी जा रही है, लेकिन नयी तकनीकें हमारे आध्यात्मिक जीवन में नयापन लाती रहेंगी।

संक्षेप

सुल्तानपुर में प्रधान व समर्थकों पर पिटाई का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, दोस्तों के संग भाजपा के पक्ष में वोटिंग की बात करना युवक को महंगा पड़ गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने पहले युवक को अपनी पसंद की पार्टी को वोट देने का दबाव बनाया। युवक ने विरोध किया तो उसकी अपने गुर्गों संग मिलकर पिटाई कर दी। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने कूरेभार थाने में की है। मामला कूरेभार थाना अंतर्गत ढेसरूआ (तकिया) निवासी पीड़ित शाहिद अली ने पुलिस में लिखित शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार दो दिन पूर्व वो अपने घर के पास गांव के ही अशरफ अली, साबिर अली, बन्ने आदि से बात कर रहा था। पीड़ित के अनुसार चर्चा चल रही थी कि चुनाव में सीटिंग सांसद मेनका गांधी को वोट करना है। क्योंकि उन्होंने आवास, राशन, बिजली आदि दी की सुविधा दी है। पीड़ित की माने तो उन सबकी बात करते समय प्रधान अरशद अली वहां आ धमके और हम लोगों से उलझ गए। उन्होंने भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताते हुए हम लोगों पर अपनी पसंद की पार्टी को वोट के लिए दबाव बनाया। इस पर बात बढ़ी तो प्रधान ने फोनकर के सज्जन, शेरू, इमरान, दिलदार, पग्गल आदि को बुला लिया। आरोप है सभी लाठी डंडे से लैस होकर आए और जमकर मारपीट किए। इसके बाद प्रधान ने दरोगा को फोन करके बुलाया। जो दरोगा मौके पर आए वो प्रधान के रिश्तेदार हैं उन्होंने भी हम सबके साथ अभद्रता की। जैसे तैसे मामला ठंडा हुआ। इस घटना को लेकर पीड़ित शाहिद अली ने कूरेभार थाने पर तहरीर दी है। इस बाबत जानकारी करने पर सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने कहा मामला संज्ञान में नहीं है।

महराजगंज में खुली सीमा में बढ़ी तस्करी

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज, महाराजगंज जिले से सटे भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा के लाख दावे कर लिए जाएं, लेकिन तस्करी चरम सीमा पर चल रही है। सीमा पर तैनात मुख्यालय ठूठीबारी के जवानों ने ठूठीबारी तडहवा के पास चावल समेत तस्करी का सामान बरामद किया, जिसे कस्टम ठूठीबारी को सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी वासुपल्ली भोगराजू ने बताया कि रात करीब 12 बजे पता चला कि कुछ लोग तडहवा गांव से 200 मीटर आगे सर पर और साइकिल पर बोरियों में कुछ सामान लेकर आ रहे हैं। यहां पहुंचकर जब जवानों ने देखा तो कुछ लोग बोरियों में सामान लेजर जाते दिखाई दिए। जवानों ने टॉर्च लाइट जलाकर रुकने का इशारा किया लेकिन वे लोग पार्टी को देखकर सामान को वहीं छोड़कर नेपाल की तरफ भागने लगे। जवानों ने दौड़ाकर दो व्यक्तियों को पकड़ लिया, जिनके पास से चावल 38 बोरी कुल वजन 1900 किलोग्राम, यूरिया खाद, तीन साइकिल मिलीं। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम रफीक अंसारी निवासी सारावल, जिला- नवल परासी (नेपाल) व सुल्तान खां निवासी सारावल, जिला-नवल परासी (नेपाल) बताया।

फ्री एण्ड फेयर मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्धः डीएम

जोनल, सेक्टर, मजिस्ट्रेटों व समकक्ष अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में हुई ब्रीफिंग

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में जिले की समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों व समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में आयोजित ब्रीफिंग बैठक को सम्बोधित करते हुए कैसरगंज के पुलिस प्रेक्षक अर्नव घोष ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्र की परिधि के 200 मीटर के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। पुलिस प्रेक्षक श्री घोष ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों से कहा कि मतदान को निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए जरूरी है कि सर्वप्रथम आप समस्या की पहचान भली प्रकार से करें तत्पश्चात मौके पर पहुंचकर पूरी तरह से तटस्थ रहने हुए निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। श्री घोष ने कहा कि डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के नेतृत्व में जिले बेहतर ढंग से तैयारी की गई है उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिले के अनुभवी अधिकारी अधिकारी 13 मई की भांति 20 मई को भी निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी, गन्तव्य तक सुरक्षित पहुँचने व समय से मतदान प्रारम्भ करने की सूचना समय से प्रेषित करेंगे। सभी लोग ई.वी.एम. की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति बूथ के अन्दर मोबाइल फोन के साथ प्रवेश न करें। डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि यदि कोई शिकायत प्राप्त हुई है तो उस के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए जरूरत के अनुसार उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में भी लायें। मतदान प्रतिशत की सूचना नियमित रूप से 02 घण्टे के अन्तराल पर प्रेषित की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी जोनल व सेक्टर तथा समकक्ष पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहे। सभी अधिकारी वेबकास्टिंग बूथों पर विशेष सावधानी बरतें। इस अवसर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क के किनारे लगे पेड़ो को चोरों ने काटा

दिन दहाड़े हो रही सरकारी पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड कैसरगंज के अन्तर्गत कुंडासर हुजूरपुर मार्ग पर इटहुआ पुल के समीप सड़क के किनारे लगे दो पेड़ भिलोर को चोरों द्वारा शनिवार सुबह करीब 7:00 बजे को काटा जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार पत्रकारों की टीम मौके पर पहुंची तो लकड़ी काट रहे चोर एकदम से सहम गए तथा जल्दी-जल्दी भागने लगे और जो लकड़ी पूर्व में काटी जा चुकी थी उसे भी वाहन संख्या यूपी 41एटी 1457 पिकअप पर लाद ले गए। वहीं ज्ञात हुआ है कि अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटान में वन कर्मियों की भी संलिप्तता प्रतीत हो रही है क्योंकि दिन के उजाले में यदि सरकारी पेड़ों पर अवैध कटान हो रही है तो वन विभाग पर उंगली उठना लाजिमी है, जो पेड़ काटे गए हैं वह पुल के बांध पर लगे हुए थे। पेड़ के कट जाने के कारण मिट्टी क्षरण होने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो सकती है। जिस वजह से आवागमन भी बाधित होगा।सबसे बड़ा विषय यह है कि पत्रकारों के कैमरे में अवैध रूप से चोरी से सरकारी पेड़ काटने वालों की फोटो भी कैद हो गई। अब देखना है कि प्रशासन साक्ष्य होने के बाद क्या कार्रवाई करता है।

क्या बोले अधिकारी

उप वन क्षेत्राधिकारी फखरपुर रेंज अहमद ने बताया की जानकारी मिली है, मौके पर जाकर निरीक्षण कर जाँच किया जायेगा। कुल मिलाकर कैमरे में कैद फोटो होने के बाद भी संबंधित अधिकारी रटा रटाया जवाब दे रहे हैं।

कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एसएसबी बल के साथ किया गया फ्लैग मार्च

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बीते शनिवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के निकट पर्यवेक्षण में लोकसभा चुनाव-2024 को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात बृजेन्द्र कुमार मिश्रा मय पुलिस बल व एसएसबी बल के साथ थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र कीर्तनपुर आदि संवेदनशील मतदान केन्द्रों व भीड़-भाड़ वाले मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया व लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील की गई, साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। एसएसबी बल व थाना कोतवाली देहात के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

हज के लिए रवाना हुए ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम

मुल्क में अमन चैन के लिए मांगी दुआएं

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड फखरपुर के ग्राम पंचायत सोगहना के ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम अपनी पत्नी के साथ हज के लिए रवाना हुए। घर से निकलते ही नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर कि सदाओ से पूरा गांव गूंजाय मान हो गया। ज्ञात हो हज पर जाने के लिए ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम के घर पर हजारों की संख्या में लोगों का सुबह से ही मिलना जुलना लगा रहा और लोग एक दूसरे से मिलकर अपनी गुनाहो की माफी के लिए अल्लाह पाक के दरबार में जाने वाले ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम से गुनाहों की माफी के लिए अर्जी लगाई। हाजी मोहम्मद नसीम ने बताया कि अल्लाह के दरबार में जाकर वहां पर अपने मुल्क व क्षेत्र वासियों के लिए अमन चैन की दुआ करूँगा। इस मौके पर चांद बाबू, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद तालिब, मोहम्मद राशिद, अंसार अहमद, फुरकान अहमद, मोहम्मद तारीक, युवा समाजसेवी मुहीब अहमद, मनोज पांडेय, शिवाजी पांडे, सूरज पांडे, फैज मोहम्मद, राहुल सहित सैकड़ो की संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रहीं।

ट्रस्ट उपाध्यक्ष ने मुस्लिम लड़की की शादी में दान किया दहेज का सामान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। श्री अयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने मानवता की एक मिसाल कायम की है। उन्होंने सिसई हैदर गांव निवासी एक मुस्लिम समुदाय में एक लड़की की शादी में दहेज मे फ्रीज, वाशिंग मशीन, डबल बेड, गद्दा समेत अन्य सामान का दान दिया है। श्री अयोध्या धाम के रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि सिसई हैदर गांव निवासी में एक मुस्लिम लड़की कि शादी 20 मई को होनी है ?। लड़की की शादी का दहेज का पूरा सामान हमने आज दान स्वरूप दिया है। पंडित अभिषेक चौबे की इस कार्य की क्षेत्र मे जमकर सराहना हो रही है। श्री चौबे ने बताया की गरीब लड़कियों की शादी मे सहयोग व गौमाता कि सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य है और हमेशा रहेगा।

गैंता में 10 जुआरी गिरफ्तार, 45 हजार रुपए जब्त

अमन लेखनी समाचार

इटावा, इटावा नगर की पुलिस टीम ने डीएसपी शिवम जोशी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गैंता कस्बे में जुआ खेलते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी जोशी ने बताया कि क्षेत्र में जुआ खेलने की शिकायत लगातार मिल रही थी। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ छापामार कार्रवाई की है। इस दौरान इटावा थाना क्षेत्र के गैंता से 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर 45 हजार रुपए जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

वाहन की टक्कर से प्रधानाध्यापक की मौत, अध्यापिका गम्भीर

- घर जाने के लिए पैदल रोड क्रॉस कर रहे थे, घायल शिक्षका का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या जिले के कोतवाली रुदौली क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर नवीन सब्जी मंडी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत व शिक्षका गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल शिक्षिका का इलाज मेडिकल कालेज दर्शन नगर में चल रहा है।जबकि मृतक शिक्षक के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।दोनों अयोध्या धाम के रायगंज और रानोपाली के रहने वाले बताए जाते हैं। बताया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय सराय पीर में कार्यरत प्रधानाध्यापक अनूप मिश्रा लगभग सहायक अध्यापिका प्रीति मौर्य 1 बजे विद्यालय से छुट्टी होने के उपरांत घर जाने के लिए पैदल रोड क्रॉस कर रहे थें तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रुदौली पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने शिक्षक अनूप कुमार मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा (52) निवासी मोहल्ला रायगंज कोतवाली अयोध्या को मृत घोषित कर दिया(वही प्रीति मौर्या पत्नी सुधांशु मौर्या (35)निवासी मोहल्ला रानोपाली कोतवाली अयोध्या की हालत गंभीर देखते हुए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया।स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मौत की खबर सुनकर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम व अध्यापक श्रीप्रकाश पाठक,रजनीश कुमार, रामानुज तिवारी, पवन लोधी,स्वामी नाथ, मोहित श्रीवास्तव ,नवनीत सिंह, रोहित कुमार आदि शिक्षकों का जमावड़ा सीएचसी में लग गया।साथी शिक्षक की मौत से सभी की आंखे नम हैं।

अयोध्या में लूटपाट के बाद व्यापारी की हत्या

दुकान के अंदर सो रहा था, धारदार हथियार से बदमाशों ने मार डाला; सामान भी उठा ले गए

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, अयोध्या के पुलिस चौकी शाहगंज क्षेत्र में व्यापारी की हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बदमाश लूट के इरादे से दुकान में घुसे थे। जिसके बाद बदमाशों ने व्यापारी के सिर व गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम को भेजते हुए मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली इनायत नगर अंतर्गत पुलिस चौकी शाहगंज क्षेत्र के टकसरा गांव निवासी छेदीलाल चौरसिया पुत्र राम प्रताप चौरसिया (57) पलिया माफी गांव के पास साइकिल की दुकान थी। वहीं पर उनके बेटे अशोक चौरसिया का डीजे का सामान भी रहता था। मृतक के बड़े बेटे अशोक चौरसिया की माने तो आज सुबह जब दुकान पर गए तो देखा की दुकान का गेट खुला हुआ है। पहले पिता को आवाज लगाई, लेकिन जब पिता नहीं बोले तो दुकान के अंदर घुस कर देखा तो पिता खून से लथपथ पड़ा था सिर व गले में धारदार हथियार के गंभीर चोट थी। चिखने चिल्लाने पर परिजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व बाजार वासी पहुंच गए। घटना की जानकारी होने के बाद चौकी प्रभारी शाहगंज संजय यादव, प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने की बात पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे अशोक कुमार ने पुलिस को बताया है कि डीजे का सामान भी वही दुकान पर रखा हुआ था। पिता साइकिल की दुकान करते थे। करीब एक लाख रुपए कीमत के समान को भी बदमाश उठा ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह का कहना है कि मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है पुलिस टीम जांच पड़ताल में लगी हुई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

अमरोहा में धू धू कर जली जनरल स्टोर की दुकान

- 25 लाख का माल जलकर राख, शार्ट सर्किट माना जा रहा आग लगने का कारण

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में देहात थाना इलाके के बंबूगढ़ में आज तड़के एक जनरल स्टोर की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि बाल्टियों के पानी से आग पार कोई असर नहीं पड़ा। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। दुकानदार ने इस आग लगने से 25 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया है। साथ ही शार्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई है। दरअसल यह घटना अमरोहा देहात थाना इलाके के गांव बंबूगढ़ की है। गांव में गांव निवासी विजेंद्र सिंह जनरल स्टोर की दुकान चलाते है। गुरुवार सुबह तड़के उनकी दुकान में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जिसके बाद लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। हालांकि ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया , लेकिन आग नही बुझ सकी। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। इस आग से लगभग 25 लाख का नुकसान हुआ है।

अमरोहा के धनौरा में दो बाइकों की भिड़ंत

पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के मंडी धनौरा थाना इलाके में बीती चुचेला कलां के पास दो बाइकों की आमने - सामने भिडंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में मेरठ रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों पर दो - दो लोग सवार थे। हादसे में एक बाइक पर सवार पिता - पुत्र दोनों की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो भाइयों में से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई को गंभीर हालत में रेफर किया गया। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद बिजनौर के थाना स्यौहारा इलाके के गांव रवाना शिकारपुर निवासी हामिद अपने पिता मौहम्मद उमर संग अपनी बाइक से दिल्ली से गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मंडी धनौरा थाना इलाके में बिजनौर मार्ग पर गांव चुचेला कलां गांव के पास पहुंची, तभी सामने से आई बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में पिता - पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार चुचेला कलां निवासी आमिर और उसका छोटा भाई अजहर था। हादसे के बाद आमिर की भी मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके छोटे भाई अजहर को गंभीर हालत में मेरठ रेफर किया गया।

बीएससी के छात्रों को डंपर ने मारी टक्कर

- एक की मौत दूसरा घायल, कैंसर से जूझ रहे मृतक के पिता का वाराणसी में चल रहा इलाज

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में नगर क्षेत्र के पांचोपीरन गांव में हुए एक सड़क हादसे में बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र की मौत हो गई। उसका दूसरा साथी छात्र घायल हुआ है। जिसका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। दोनों को खनन में लगे डंपर ने टक्कर मार दिया था, जिससे गुस्साए लोगों ने सड़क जाम किया था। हालांकि पुलिस ने जाम खुलवाते हुए डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के करौंदीकला थाना अंतर्गत उधरनपुर निवासी अमरेंद्र प्रजापति (18) व इसी गांव का शशिकांत (18) बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र हैं। दोनों छात्र नगर में ही किराए पर एक कमरा लेकर रहते थे। सुबह दोनों परीक्षा देने जाने के लिए पैदल ही कमरे से निकले। बात करते हुए वे चले जा रहे थे कि जब वो पांचोपीरन के नासिरगंज के पास पहुंचे तभी पीछे से आए खनन में लगे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों छात्र सड़क पर दूर जा गिरे। गंभीर चोट आने के चलते अमरेंद्र की मौके पर मौत हो गई जबकि शशिकांत को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल ले जाया गया। घटना से गुस्सा लोगों ने डंपर को पकड़ते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस सूचना पर सीओ सिटी शिवम मिश्रा, नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय और कई चौकी के दरोगा मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम में भेजा। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने बताया कि घटना बेहद दुःखद है। मृतक छात्र का पिता कैंसर जैसी भयावह बीमारी से पहले से ही ग्रस्त है, उसका वाराणसी में इलाज जारी है। इस घटना से परिवार की क्षति हुई है। हमने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा प्रयास रहेगा कि परिवार को मुआवजा दिलाया जा सके।

संक्षेप

जालसाज ने बैंक के क्रेडिट कार्ड से 35 हजार उड़ाया केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर ।सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से एस एम एस के माध्यम से जालसाज ने खाते से 35 हजार रुपया उड़ा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी सोनघर मौर्य पुत्र प्राग मौर्य जिनका एसबीआई का क्रेडिट कार्ड था। 14 मार्च को मोबाइल पर मैसेज आया की खाते से 35 से अधिक रुपया निकल चुका है । पीड़ित बैंक पहुंचा तो बताया गया की पैसा एस एम एस के द्वारा निकाला गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2008 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

दहेज हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के बिसरी में गर्भवती विवाहिता को पति समेत ससुराल के लोगो ने मिल कर गला दबाकर हत्या कर लाश को पंखे की कुंडी में लटका दिया था।विवाहिता के पिता रविंद्र तिवारी निवासी किशुनगौरी थाना कोठीभार जिला महराजगंज की शिकायत पर पुलिस ने पति आसुतोष कुमार मिश्र, ससुर जनार्दन मिश्र, सास प्रेमशीला देवी, देवर आदित्य मिश्र के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को एसओ मदन मोहन मिश्र,चौकी इंचार्ज घघसरा अवधेश कुमार पांडेय, कास्टेबिल राकेश यादव,शैलेश यादव संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे।तभी जानकारी मिली की विवाहिता के हत्या करने वाला पति आशुतोष मिश्र पुत्र जनार्दन मिश्र निवासी बिसरी थाना सहजनवा अपने घर पर मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

महिला सुपरवाइजर को कार से कुचलने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ कांशी टोल प्लाजा पर बीते देर रात टोल कर्मी महिला सुपरवाइजर को कार से कुचलने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने कार में सवार आईटीबीपी के जवान सागर के कहने पर ही महिला सुपरवाइजर को कार से कुचला था। घटना के वक्त कार में तीन लोग सवार थे। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आईटीबीपी जवान और उसके साथी से भी पूछताछ की बात करते हुए कार्यवाही की बात कही है। दोपहर करीब 3:00 बजे टोल प्लाजा पर एक कार ने टोल कर्मी महिला सुपरवाइजर को कार से कुचलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना टोल प्लॉजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर कार के नंबर को ट्रेस करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

हर बूथ पर फतह करने के लक्ष्य का ले संकल्प:संगठन महामंत्री

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां विधानसभा आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त एक होटल में भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारीयो व मंडल अध्यक्ष की बैठक हुई।बैठक के मुख्य अतिथि एमपी प्रदेश के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर बूथ पर पतह करने का संकल्प लेकर सभी कार्यकर्ता पूरे जोश से लग जाए,क्योकि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पर के संकल्प को पूरा करना है 2024 का चुनाव एक इतिहास रचने जा रहा है। मोदी सरकार की कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की जनता के लिए कल्याणकारी कार्य किए हैं।देश में विकास की गति को देखने के लिए आप सभी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में न केवल मतदान करें अपितु कमल के फूल पर वोट देने की अपील भी करें।इस बार लोकसभा चुनाव में आप लोगों को ऐतिहासिक मतों का रिकॉर्ड बनाना है।भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद से ऊपर उठकर देश हित के लिए काम करती है।उन्होंने कहा बिना भेदभाव के आज सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है भाजपा सरकार गरीब कल्याण को समर्पित सरकार है मोदी ने सभी योजनाएं गांव गरीब किसान महिला नौजवान को समर्पित किए हैं सबका साथ सबका विश्वास के साथ काम कर रहे हैं 5 लाख वोट से ज्यादा मतों को जीतने के लक्ष्य के साथ काम करना है। मोदी सरकार में विकास हुआ है तो सबका हुआ है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। विधायक प्रदीप शुक्ला, जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,लोकसभा प्रभारी जनार्दन गुप्ता लोकसभा संयोजक निरंकार त्रिपाठी विधानसभा प्रभारी बेचन राम विधानसभा संयोजक डा आर डी सिंह पूर्व विधायक बृजेश सिंह,पूर्व विधायक जीएम सिंह, वरिष्ठ नेता परशुराम शुक्ल,पूर्वब्लॉक प्रमुख राम प्रकाश शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय दुबे, चेयरमैन प्रभाकर दुबे,महेश दुबे ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह,दिलीप यादव, नागेंद्र सिंह, उमाशंकर निषाद, छोटेलाल मौर्य,ब्रह्मानंदशुक्ला,राम उजागिर शुक्ला, रामप्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला,शिवचरण प्रसाद,धर्मराज गोड़,राम प्रकाश चौरसिया,रामपाल सिंह,गुलाब तिवारी, मंजू तिवारी समेत कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

फर्जी कंपनी खोलकर नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले दम्पति को रामगढ़ताल पुलिस ने किया गिरफ्तार

डाटा फीडिंग के नाम पर बेरोजगार युवको से वसूला 8 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के भगत चौराहे पर किराए के मकान में सुप्रिया एण्ड लक्ष्मी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक फर्जी कंपनी खोलकर दंपति बेरोजगार युवकों को नौकरी देने के नाम पर ठगी कर रहे थे करीब 6 माह से कर्मचारियों का वेतन भी नही दिया। ना ही मकान मालिक का किराया दिया मकान मालिक की शिकायत पर रामगढ़ताल पुलिस ने देवरिया के गौरी बाजार के रहने वाले अमरनाथ सिंह और उसकी पत्नी सोनी सिंह को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 लैपटॉप, एक प्रिंटर मशीन ,6 फर्जी कूटरचित नियुक्ति पत्र व फर्जी आई कार्ड बरामद किया है । घटना का खुलासा पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी कैंट अंशिका वर्मा ने किया।उन्होंने बताया कि डाटा फीडिंग के नाम पर बेरोजगार युवकों को नौकरी पर रखा गया इन्हें 6 महीने का वेतन भी नहीं दिया गया और मकान मालिक का डेढ़ लाख रुपए किराया भी हो गया था मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही कंपनी के कूटरचित दस्तावेज को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बलराम पांडेय उप निरीक्षक पंकज कुमार हेड कांस्टेबल क्यूम अली संदीप पांडेय शामिल रहे।

आम तोड़ने से मना करने पर मनबढ़ युवकों ने रास्ते में रोककर पीटा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना अंतर्गत घघसरा पुलिस चौकी के चौरी मौजा निवासी विरेन्द्र कुमार गौड़ घर के पास का आम का बागीचा है। जिसकी रखवारी विरेन्द्र के परिवार के लोग करते हैं दोपहर में पेड़ पर चढ़ गये गांव के कुछ लोग आम जबरदस्ती तोड़ने लगे मना करने पर मारपीट पर उतारू हो गए किसी तरह आस पास के लोगों ने बीच बचाव करके दोनों पक्ष को घर भेज दिया था ।लेकिन खार खाए गांव के कुछ मनबढ़ युवकों ने घघसरा बाजार से वापस घर आते समय विरेन्द्र गौड को करीब रात 8 बजे हडही गांव के समीप तीन बाईक पर सवार लोगों ने गाड़ी रोक कर लाठी राड से पीट दिया ।जिससे विरेन्द्र गौड़ का सर फट गया। शोर मचाने पर गाड़ी सवार भाग गये किसी तरह विरेन्द्र घघसरा चौकी पर पहुंचे जहां से सहजनवा थाना पहुंचे कर थाने पर लिखित शिकायती पत्र देते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।जिस पर सहजनवा पुलिस कार्यवाही शुरू कर दिया है।

नंदा का आईआईएम जम्मू और आईआईए बोधगया में हुआ एक साथ चयन

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा,गोरखपुर। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.) से शिक्षा प्राप्त छात्रा नंदा पुत्री मेजर साकेत जी निवासी गा ?हासाड, सहजनवा ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट जम्मू और इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट बोधगया में एक साथ चयनित होकर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।ज्ञातव्य हो कि नंदा के पिता मेजर साकेत जी सहजनवा कस्बे के एक प्रतिष्ठित विद्यालय मुरारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य और 44वी बटालियन एनसीसी गोरखपुर में मेजर के पद भी कार्यरत है ।नंदा की मां अनुमाया एक कुशल गृहिणी है ।नंदा दो बहनों में छोटी है, बड़ी बहन दिव्या देवी भी आईआईएम लखनऊ से वर्ष 2020 में एमबीए कर वर्तमान में बैंगलोर में एक प्रतिष्ठित कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है ।नंदा के पिता मेजर साकेत जी ने बताया कि, दोनों ही बहनें ने बचपन से ही होनहार थी ।दोनों ने कड़ी मेहनत, लगन एवं स्वाध्याय द्वारा यह मुकाम हासिल किया है ।नंदा आईआईएम जम्मू से एमबीए कर तकनीकी दौर में देश को एक नई पहचान दिलाना चाहती है ।नंदा ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय, अध्यापकों एवं माता-पिता को दिया ।उसने कहा कि वह सरकारी क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल कर देश सेवा करना चाहता है । क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने चयनित होने पर नंदा को बधाई दी तथा अपने वक्तव्य में कहा कि कड़ी मेहनत व उचित मार्ग दर्शन द्वारा प्रत्येक सफलता को प्राप्त किया जा सकता है ।नंदा की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष और खुशी का माहौल है, परिणाम आने के बाद से शुभचिंतकों का आना जाना लगा हुआ है।

अब अवकाश समय में भी बच्चे शिक्षा से ना होंगे विरक्त

मेरे प्यारे बच्चों होमवर्क करके जरूर लाना, पुरस्कृत होकर के तुम खूब इतराना

ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से पूर्व बच्चों को मिला गृह कार्य

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। शिक्षा जगत ने प्राइवेट तथा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हम मात देने में कहीं से भी कसर नहीं छोड़ी निरंतर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करते हुए जनपद के देवमई विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व शिक्षण कार्य के अंतिम दिवस बच्चों को प्रोजेक्ट कार्य समेत गृह कार्य दिया गया विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए अवकाश समय में भी शिक्षा के मार्ग से अलग ना होने के लिए मुहिम चलाई वही शिक्षिका ने बताया कि गृह कार्य को सुचारू रूप से व्यवस्थित तथा क्रमबद्ध ढंग से करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहे

शत प्रतिशत मतदान के लिए बीएसए का सार्थक प्रयास जारी

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर जिलाधिकारी के निर्देशन में संचालित स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के तहत हुई एक नई पहल में खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह के साथ खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यालय अमौली से मतदाता जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने मतदाता जागरूकता एवं वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर के किया। मुख्यालय से निकली हुई रैली बस स्टॉप अमौली होते हुए मदरी, मकरंदपुर मोड़,गौरी चौराहा, धाना, होते हुए रिठवा पहुंची। वहां से यात्रा पुनः विभिन्न गांव से होती हुई विकासखंड मुख्यालय में समाप्त हुई। जगह-जगह पर बीएसए के नेतृत्व में सभीअधिकारियों ने सभी ग्रामवासियों,राहगीरों को रुक कर मतदान दिवस 20 मई को वोट देने के लिए जागरूक किया। वही ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर,अनुजसिंह, एवं मनफूल निषाद,व शिक्षक नागेश प्रताप सिंह ने अलग-अलग जगह पर सभी रैली में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था भी कार्रवाई। इस मतदाता वाहन जागरूकता रैली में ब्लॉक के कर्मचारी गणों व शिक्षक गणों ने स्लोगन भरी तख्तियों को साथ में लेकर के नारे लगाते हुए रैली को निकाली। मतदाता जागरूकता वाहन रैली का संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया।जिसमें 20 मई को भूल न जाना,मतदान करने अवश्य जाना।

पहले मतदान,फिर जलपान। छोड़ सखी सारे गृहकाज,मतदान करेंगे पहले आज। का नारा लगाते हुए आम जनमानस ग्रामीणों एवं राहगीरों को प्रेरित किया इस वाहन रैली में प्रमुख रूप से एडीओ पंचायत विनोद कुमार,नीरज,ललित,आदित्य पांडेय,चंद्र प्रकाश शुक्ला,नागेश प्रताप सिंह,अतुल त्रिवेदी, शिक्षक उमेश कुमार ,मुकेश निगम, आर्यकुमार पांडेय उर्फ अक्कू जी,रमेश कुमार, राजबहादुर व शिक्षक गण उपस्थित रहे। वाहन रैली से पूर्व उच्च अधिकारियों ने परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में शिक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में हुई मतदाता जागरूकता रथ एवम मतदाता जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कृष्णा देवी, सुरेश त्रिपाठी समाजसेवी शिव गोपाल त्रिपाठी, एवं सभी शिक्षकों सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

मतदान अंतर्गत बाबूपुर प्राथमिक विद्यालय में दिखेगी हरित क्रांति

इको फ्रेंडली रंगोली बिखेर रही बूथ में अद्भुत छटा

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी संपूर्ण हो चुकी हैं जहां जगह-जगह बूथ दुल्हन से सजे दिखाई दे रहे हैं जनपद के अमौली विकासखंड में शिक्षा जगत को प्रदेश स्तर तक ख्याति प्राप्त कराने वाले विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर में इको फ्रेंडली रंगोली निर्मित की गई विद्यालय पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल एसआरजी राधेश्याम व्यायाम शिक्षक आदित्य पांडे आदि का विद्यालय के प्रधानाध्यापक शर्वेश अवस्थी ने भव्य स्वागत किया वहीं मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह देते हुए आभार व्यक्त किया इसी प्रकार पहुंचे सभी विशिष्ट अतिथियों को एक-एक ऑक्सीजन युक्त पौधा तथा स्मृति चिन्ह देकर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के बूथ का निरीक्षण किया जहां संपूर्ण विद्यालय में फैली हरित क्रांति जनपद में प्रथम स्तर की अलौकिक छटा बिखेर रही थी विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश अवस्थी द्वारा निर्मित कराई गई नक्काशी युक्त सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रही वही विद्यालय अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जहां गाजे बाजे के साथ पारंपरिक लोक नृत्य लिल्ली घोड़ी इत्यादि के माध्यम से मतदान हेतु आम जनमानस को प्रेरित किया गया विद्यालय पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं समेत मिनी हर्बल उद्यान को देख चकाचौंध हो गए जहां प्रफुल्लित बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हर्बल उद्यान में स्वयं एक वृक्ष का रोपण किया विद्यालय की सजावट तथा विद्यालय में बंधे बंदनवार को देखते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल तथा अन्य अधिकारियों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सर्वेश अवस्थी की जमकर सराहना की आए हुए सभी अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश अवस्थी ने आभार व्यक्त किया

बोलेरो ने पैदल जा रहे लोगों को मारी टक्कर

- दो महिला समेत एक किशोर घायल, घोरावल-शिवद्वार मार्ग पर हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के घोरावल-शिवद्वार मार्ग पर खंदेउर गांव में बोलेरो की चपेट मे आने से दो महिलाएं और एक बालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनमें दोनों महिलाओं को अधिक चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।खंदेउर गांव के अंधा मोड़ पर बुधवार की शाम बोलेरो की चपेट में आने से पैदल जा रही उसी गांव की रहने वाली नीलम (32) और उन्हीं के परिवार का राहुल (12) घायल हो गया।साथ में चंद कदम आगे पैदल चल रही जैनुल (60) जोकि मिजार्पुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के सुगापाख रजहवा की रहने वाली हैं। बोलेरो की चपेट में आने से ये लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर कमर में चोट लगी है। वहीं घटना के बाद बोलेरो गाड़ी शिवद्वार की ओर निकल गई। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल ले जाया गया। नीलम के हाथ में चिकित्सकों ने फ्रैक्चर बताया। राहुल को पैर में हल्की चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद नीलम तथा जैनुल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सोनभद्र में रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का शव

घर से रात में गायब हुई थी शहनाज, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी, सोनभद्र में विंधमगंज थाना क्षेत्र के देवढी ग्राम पंचायत में शहनाज अख्तरी (16) पुत्री सोहराब खान की आज सुबह रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमॉर्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया। मृतिका शहनाज अख्तरी के पिता सोहराब खान ने बताया कि बुधवार की रात्रि मेरे घर कुछ मेहमान आए हुए थे। रात में हम सभी खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे।तभी पता चला की शहनाज घर में नहीं है। सभी लोग शहनाज का पता लगाने आस पड़ोस मोहल्ले में गए तथा लोगों से पूछा परंतु उसका पता नहीं चला।थक हार कर सभी घर आ गए। आज गुरुवार को सुबह लोगों द्वारा बताया गया कि गांव के पास ही गुजरे रेलवे ट्रैक के पास एक लड़की का शव पड़ा हुआ है।सूचना मिलते ही सभी परिवार वाले वहां पहुंचे कर शव को देख रोने लगे। तभी इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विंधमगंज श्याम बिहारी ने मौजूद लोगों से तथा परिजनों से पूछताछ करने के दौरान शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीएचसी दुद्धी भेज दिया उधर प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी ने बताया कि इस घटना की सूचना लोगों के द्वारा सुबह दिया गया था। घटना के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है । पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

घर से लापता युवक का झाड़ियों में मिला शव

- पिछले काफी दिनों से घर से लापता था युवक, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, खुर्जा के शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बैरीना रोड पर वाल्मीकि शमशान के पास झाड़ियों में एक शव मिलने से सनसनी मच गई है। युवक पिछले कई दिन से लापता था। युवक का मिला शव मिलने की जानकारी मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी लवकेश पुत्र निरंजन सिंह कई दिन पहले अपने घर से अचानक गायब हुआ था। जिसका वाल्मीकि समाज के शमशान के पास पड़ा शव पड़ा मिला था सूचना पर शिकारपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान करने में जुट गयी। उसी दौरान गांव महमदपुर के लोगों ने इसकी पहचान लवकेश के रूप में की। उधर शव मिलने से परिजनों में हड़कम्प मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही फिलहाल शिकारपुर कोतवाली पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है।उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी, एसएसआई अंकित कुमार चौहान ने बताया है कि अभी तक कोई भी मृतक के परिजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। जैसे ही कोई तहरीर प्राप्त होगी उसके आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। युवक की अचानक हुई हत्या से परिजनों में भी हाहाकार मचा हुआ है।

अर्ध सैनिक बल ने ग्रामीण क्षेत्रों के वर्नवल बूथ में किया पैदल मार्च

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के गांवों में लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न कराए जाने के लिए अर्ध सैनिक बल की टुकड़ी को महाविद्यालय परिसर में रुकने की व्यवस्था की गई है। कस्बे के राम कृष्ण महाविद्यालय में अर्ध सैनिक बल के ठहराने की व्यवस्था की गई है ।सोमवार को अर्धसैनिक बल द्वारा बूथ में मतदान की व्यवस्था में तैनाती रहेगी। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को मतदान संपन्न कराया जायेगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। अर्ध सैनिक बल ने ग्रामीण क्षेत्रों के वर्नवल बूथ में पैदल मार्च किया।

हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को अर्थदंड की मिली सजा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। थाना कुरारा में पंजीकृत हत्या के मुकदमें के दो अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होने पर आजीवन कारावास व प्रत्येक को अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। 30 सितंबर 2016 को हत्या के मुकदमे में अभियुक्त विश्राम सिंह पुत्र सन्त सिंह व लालू पुत्र सन्त सिंह निवासीगण ग्राम रिठारी थाना कुरारा के विरुद्ध धारा 302, 504, 506 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमे के विवेचक रहे निरीक्षक अभिमन्यु यादव, अभियोजक डीजीसी राजेश कुमार शुक्ला व पैरोकार कांस्टेबल रजनीश कुमार यादव द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दोनों अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाते हुये प्रत्येक को आजीवन कारावास कारावास व प्रत्येक को 23-23 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

बाइक सवार तीन युवक ई-रिक्शा के बाद ट्रैक्टर से टकराकर हुए गंभीर रूप से घायल, तीनो रेफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। शुक्रवार को देर शाम बाजार से फत्तेपुर स्थित अपने घर बाईक से जा रहे तीन युवक सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकराते हुए सीधा ट्रैक्टर में जा भिड़े। जिससे तीनों युवकों के गंम्भीर चोटे आई है। इन्हें स्थानी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार फतेहपुर निवासी सलमान, सोहेल व समीर कल शाम 7:30 बजे के करीब अपनी बाइक से तहसील मार्ग होते हुए फतेहपुर स्थित अपने घर जा रहे थे तभी बजाज एजेंसी के निकट सामने से आ रहे ई रिक्शा से टकराते हुए बगल से निकल रहे ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उक्त युवक हेलमेट न लगाएं होने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

नायब तहसीलदार, दो लेखपाल समेत सात लोग कोर्ट में तलब

- सम्मन के जरिए दो जुलाई को एससी/एसटी कोर्ट में हाजिर होने का है आदेश
- दलित विधवा महिला की जमीन कब्जा करने और जान मारने की धमकी का है आरोप
- रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सजौर गांव का है मामला



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दलित विधवा महिला की जमीन पर कब्जा करने और करवाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने शनिवार को प्रथम दृष्टया अपराध मानते हुए नायब तहसीलदार, दो लेखपाल समेत सात लोगों को एससी/एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में तलब किया है। आरोपियों को सम्मन के जरिए आगामी दो जुलाई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। उक्त आदेश दलित विधवा महिला हीरावती पत्नी स्वर्गीय संतोष निवासिनी ग्राम सजौर, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता एपी चतुर्वेदी के जरिए दाखिल परिवाद पत्र पर दिया है।

परिवाद पत्र में हीरावती ने आरोप लगाया है कि उसका गांव का पुस्तैनी मकान एक कमरा गांव के ही देवमणि पुत्र रामचंदर तथा गोपाल मणि पुत्र द्वारिका प्रसाद द्वारा छह लोगों के हिस्से की जमीन में अपने हिस्से से ज्यादे भूमि तहसील कर्मचारियों तथा किशमिश पत्नी जगदीश एवं जगदीश पुत्र शिवदास को 18 नवंबर 2020 को बैनामा कर दिया। हल्का लेखपाल रामधनी यादव को 50 हजार रुपये देकर उसे रामधनी यादव द्वारा 10 जून 2023 को थाना दिवस पर रॉबर्ट्सगंज थाने पर बुलाकर बैठाया गया और कहा गया कि दो बजे के बाद तुम्हारे प्रार्थना पत्र की जांच करने चलेंगे। उधर उसे धोखा देकर किशमिश पत्नी जगदीश से कह दिया कि आज ही दो घंटे के भीतर मड़हा लगा लो नहीं तो घर मकान नहीं मिल पाएगा। जब उन लोगों से संपर्क किया तो भद्दी भद्दी जातिसूचक शब्दों से गाली देने लगे। इतना ही नहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इस मामले की शिकायत उसने तहसील दिवस में किया जिसपर नायब तहसीलदार रॉबर्ट्सगंज ज्ञानेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की टीम द्वारा जांच किया गया, लेकिन उन लोगों द्वारा उसे डरा धमकाकर सुलह समझौता पर जबरन हस्ताक्षर बनवा लिया गया। इसके अलावा नायब तहसीलदार द्वारा उसके मकान का आधा हिस्सा किशमिश को दे दिया गया। जिसकी शिकायत 17 जुलाई 2023 को एसडीएम सदर से की गई तो उन्होंने कब्जा हटवाने का निर्देश दिया। लेकिन हल्का लेखपाल दुर्गेश पांडेय और अन्य लोगों द्वारा कब्जा नहीं हटवाया गया। बल्कि इधर उधर की बात कहकर कब्जा हटवाने के लिए न्यायालय में मुकदमा दाखिल करने की बात कही जाने लगी। जब थक गई तो शिकायती पत्र रॉबर्ट्सगंज थाने में दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब 6 सितंबर 2023 को एसपी सोनभद्र और डीएम सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय की शरण मे आना पड़ा। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता एपी चतुवेर्दी के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रथम दृष्टया अपराध मानते हुए नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार यादव, लेखपाल रामधनी यादव ,लेखापाल दुर्गेश पांडेय, देवमणि, गोपाल मणि, किशमिश और जगदीश को आईपीसी की धारा 506 तथा एससी /एसटी एक्ट में तलब किया है। इन्हें सम्मन के जरिए आगामी दो जुलाई 2024 को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

कविता सुनाकर साहित्यकारों ने किया जनजागरण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। देश की लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था मधुरिमा साहित्य गोष्ठी सोनभद्र के निदेशक वरिष्ठ साहित्यकार अजयशेखर के आवास पर उनके अध्यक्षता में उनके आवास स्थित काव्य कुंज में सरस काव्य संध्या का आयोजन शनिवार शाम को किया गया। जिसमें बतौर अतिथि पारसनाथ मिश्र रामनाथ शिवेंद्र जगदीश पंथी सुशील राही आदि ने अपने वक्तव्य में चुनावी परिदृश्य को उकेरा तथा जाति धर्म से ऊपर उठकर सही शिक्षित जागरूक प्रत्याशी को मत देने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने को आवश्यक बताया। ईश्वर विरागी के वाणी वंदना से विधिवत शुभारंभ किया गया। संचालन अशोक तिवारी ने किया। अध्यक्षता करते हुए चिंतक अजयशेखर ने गंभीर रचना,हे इन्द्र तुम अहिल्याओं का शीलभंग करते रहो ,वे पत्थर बनती ?रहेंगी, तुम्हारा राज्य निष्कंटक रहेगा। सुना कर सत्ता को नसीहत दिये ।ओज व श्रृंगार की बेहतरीन कवयित्री कौशल्या चौहान ने मतदान जागरण करते हुए,,, बूथ पे जाकर वोट दीजिए इससे बनती सरकार। लोकतंत्र का महापर्व है मत करना इंकार सुनाकर वाहवाही बटोरी। प्रद्युम्न तिवारी एड राष्ट्रवाद के कवि ने शत-प्रतिशत मतदान कीजिए लोकतंत्र का भान कीजिए सुनाकर समसामयिक परिदृश्य को उकेरा और सराहे गये। कवयित्री अनुपम वाणी ने शासन से सवाल किया,कब आयेंगे अच्छे दिन? ईश्वर विरागी गीतकार ने दिल्ली का शासक मूक अंधा, राजधानी की सभा में द्युत धंधा सुनाया और करतल ध्वनियों से सराहे गये ।नारी सशक्तिकरण पर कवयित्री दिव्या राय ने मत रोक सांवरिया घूंघट में मुझे नींल गगन तक जाने दे। सुनाया और नव जागरण की। असुविधा संपादक वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र ने वास्तविकता के धरातल पर सशक्त कसी रचना पंचायत घर में मिली है लाश देखिए सुनाकर श्रोताओं को सोचने पर मजबूर किये। गीतकार जगदीश पंथी ने संसद को चूल्हे चौके से जोड़ न पायेंगे तो सच कहते हैं ऐ दुनियां वालों हम मर जायेंगे सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। प्रभात सिंह चंदेल ने वीर रस का जज्बा जगाते हुए सीमां के पहरेदारों को शत-शत मेरा प्रणाम,शायर अब्दुल हई ने,रो के बुलबुल ने कहा कैद से रिहा न करो ,गुलसितां पर अभीं सैयाद के पहरे होंगे, विकास वर्मा ने सद्भावना समरसता की पंक्ति,मजहब को अपने घर में ही महदूद कीजिए,जब-जब सड़क पर निकला है,तौहीन हुई है दिलीप सिंह दीपक ने तुम सबकुछ बेच दो? लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो सुनाकर स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया ।शायर अशोक तिवारी ने गांधीजी को याद करते हुए हिंसा का दावानल? जब बस्तियां जलाये, मुझे तुम याद आये,, सुनाकर राष्ट्र पिता को नमन किया ।कवि धर्मेश चौहान ने,, राष्ट्र द्रोहियो के लिए अंगार हूं मैं,,, सुनाकर देश की वंदना किये ।लोकभाषा भोजपुरी के कवि दयानंद दयालू ने,,,मटिये बा ज़िनगी मटिये परान जै माई हिंदी जय-जय हिन्दुस्तान सुनाकर भारत भारती को नमन किया। इस अवसर पर वार कौंसिल इलाहाबाद सदस्य कवि राकेश शरण मिस्त्र नोटरी अधिवक्ता, पारसनाथ मिश्र सुशील राही जयराम सोनी सुधाकर स्वदेशप्रेम कु सृजा दिवाकर द्विवेदी मेघ आदि कवियों ने ऋंगार ?ओज हास्य व्यंग गीत गजल मुक्तक छंद सवैया सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन देर शाम तक चलता रहा इस अवसर पर रिषभ शिवमोचन फारुख अली हाशमी ठाकुर कुशवाहा नीतिन सिंह जयशंकर त्रिपाठी गोपाल पाठक गोलू आदि रहे। आभार आयोजन समिति के प्रदुम्न त्रिपाठीएड निदेशक शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र ने व्यक्त किया।

नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगंज का परिसर प्राईवेट वाहन का बना स्टैंड

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के नंदगंज स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में आसपास के लोग अपने वाहन खड़ा कर रहे हैं। इतना ही नहीं हफ्ते हफ्ते उनका वाहन खड़ा रहता है ।कुछ तो जरूरत पड़ने पर वाहन लेकर जाते है फिर वही लाकर खड़ी कर देते है ।लगता है कि अस्पताल परिसर वाहन स्टैंड हो गया है ।इसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्याद एंबुलेंस में आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार कराने के लिए आते हैं। लेकिन, परिसर में वाहनों के खड़ा होने के कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र परिसर को बाजार के लोग वाहन स्टैंड बना दिए हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि लोगों को वाहन खड़ा करने के लिए मना किया गया है। इसके बावजूद भी लोग अपना वाहन खड़ा करके अपने घरों में चले जाते हैं। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है।

वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल मे रक्त दान शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर- नगर के वात्सल्य इण्टरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र उपस्थित हुए जिनके साथ माननीय सदर विधायक पलटू राम उपस्थित रहे । साकेत मिश्र एवं सदर विधायक पलटू राम तथा डॉक्टर आकांक्षा शुक्ला चिकित्सा अधिकारी संयुक्त जिला चिकित्सालय ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ल ने माननीय विधायक एवं साकेत मिश्र को अंगवस्त्र एवं फूलदान देकर आज के दिन की बधाई दी । साकेत मिश्र ने जनमानस को संबोधित करते हुए बताया कि रक्तदान एक महादान है रक्त देने से रक्त बढ़ता है । सदर विधायक पलटू राम ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की तथा जनमानस को संबोधित किया । नगर के चिकित्सक डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय के सी पी श्रीवास्तव एलटी, अभिषेक सिंह एलटी ,रक्तदान के काउंसलर हिमांशु तिवारी ,सोनम तिवारी एल टी तथा अंजली सिंह स्टाफ नर्स ने जन मानस को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अभिवावकों का विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशुतोष प्रसाद शुक्ल ने आभार प्रकट किया तथा उनको धन्यवाद देते हुए कहा कि आपका ये दान बेकार नहीं जाएगा ।कही न कही किसी न किसी बीमार व्यक्ति के लिए उपयोगी साबित होगा । इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की समस्त अध्यापिकाओं ने भी रक्तदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । जिसमे विद्यालय की प्रधानाचार्य शिखा सिंह, समन्वयक शिवम सिंह उप प्रधानाचार्या मनीषा सिंह , प्रीती उपाध्याय ,प्रीती शुक्ला , अमिता पांडे , प्रज्ञा शर्मा, आराधना दुबे , मानसी गुप्ता, अनीता शर्मा , प्रिया शुक्ला, पूजा शर्मा ,नफीसा बानो , अर्पिता सिंह, प्रिया शुक्ला, मुस्कान जयसवाल , रेणु कुंडा सुप्रिया इत्यादि मौजूद रहे।

लोकसभा निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम व एसपी द्वारा केंद्रीय बल/ पुलिस बल की ब्रीफिंग

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 प्रक्रिया को निष्पक्ष, निर्विवाद, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज दिनांक 18.05.2024 को राजकीय जिला स्टेडियम हमीरपुर में जिलाधिकारी राहुल पांडे व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा मतदान प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारी (केंद्रीय बल, पुलिस बल व होमगार्ड्स) को चुनाव ड्यूटी हेतु ब्रीफ किया गया। मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए । मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के सम्बंध में सम्बंधित उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगा समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से सम्मान जनक व्यवहार करें। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन तथा अन्य कोई वर्जित वस्तु न ले जाने दें। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का समय से निरीक्षण कर, पोलिंग पार्टियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इस दौरान निष्पक्षता और मनोयोग से ड्यूटी करें। बूथ पर नियुक्त किये गये समस्त पुलिसबल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें व यथा समय ड्यूटी पर उपस्थित हों किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें संबन्धित आवश्यक दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें।

पूर्व सांसद ने समाजवादी पार्टी का केंद्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दुद्धी समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी छोटेलाल खरवार ने गोंडवाना भवन में सपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर कियो उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इंडिया गठबंधन और आम जनता के सहयोग से पार्टी के दोनों प्रत्याशी अपना जीत दर्ज करेंगेउन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याएं वे बखूबी जानते हैं और अपने सांसदी काल में इन्होंने कई तरह का विकास कार्य भी किया है। कहा कि क्षेत्र में विकास के साथ ही साथ रोजगार की अवसर खोले जाएंगे और हर गरीब आदिवासी कमजोर लोगों ,बेरोजगार लोगों के हाथों को काम दिलाया जाएगा। उन्होंने कई गांव का जनसंपर्क अभियान भी चलाया और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी और अपने पक्ष में मतदान किए जाने की लोगों से अपील कियोपूर्व राज्य मंत्री व विधान सभा प्रत्याशी विजय सिंह गोंड ने कहा कि क्षेत्र में विकास की धारा बहेगा लोगों के हाथों को काम दिया जाएगा भ्रष्ट लोगों को उखाड़ फेंका जाएगा ।इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ,संजय यादव, अवध नारायण यादव ,गौस मोहम्मद खान ,प्रभु सिंह कुशवाहा ,वेद प्रकाश अग्रहरि, सपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कौशल्या देवी ,आशा रावत ,सरोज देवी ,सोना बेगम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गाजीपुर जिले में मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाई छह लोगो को चार वर्ष की कैद की सजा

गाजीपुर जिले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रथम राकेश कुमार सप्तम की अदालत ने शनिवार को गम्भीर मारपीट के मामले में दो भाइयों सहित 6 लोगो को 4 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाया है। अभियोजन के अनुसार थाना बरेसर गांव भाटा तीन पुरवा निवासी दिनेश राजभर ने इस आशय की तहरीर दिया कि दिनांक 1 अप्रैल 2015 को शाम 5 बजे गांव के ही रामकेर राजभर उसका भाई रमाकांत उर्फ कांता ,चन्द्रभान, आलोक रंजन उर्फपिन्टू रामाधार राजभर व बब्बन राजभर सभी लोग मिलकर सहन के विवाद को लेकर उसके माता पिता को बुरी तरफ से लाठी डंडा से मारे पीटे जिससे उसके माता पिता को गंभीर चोटें आई गांव वालों ने माता पिता को अस्पताल ले गया जहाँ से पिता को इलव वाराणसी भेज दिया जहाँ दवा इलाज चल रहा है।

चुनाव प्रचार खत्म, 20 मई को प्रत्याशियों के भविष्य की इबारत लिखेंगे 18 लाख मतदाता

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। लोकसभा सभा क्षेत्र हमीरपुर महोबा और तिंदवारी में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनावी प्रचार आज शनिवार की शाम थम गया, सोमवार 20 मई को कुल 18 लाख 34 हजार 444 मतदाताओ को मतदान करना है, भीषण गर्मी में मतदान कितने प्रतिशत होता है वक्त पर पता लगेगा, पिछले 2019 के चुनाव में 15 हजार मतदाताओं ने नोटा की बटन दबाई थी इस बार कितने मतदाता नोटा की बटन दबाते हैं यह भी चुनाव परिणाम के वक्त ही मालूम चलेगा। हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है तो 18 मई को चुनावी प्रचार थम गया, यहां कुल 1834444 मतदाताओं को मतदान करना है, जिसमे 991352 पुरुष और 843053 महिला मतदाता हैं, थर्ड जेंडर के कुल 39 वोटर भी शामिल है, यहां पहली बार 30608 युवा मतदाताओ को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है, 85 वर्ष की आयु वाले 14349 मतदाता और 19316 दिव्यांग मतदाता भी मताधिकार का प्रयोग करने वाले हैं, यहां 1221 मतदान केंद्र और 1975 बूथ बनाए गए हैं, लोकसभा क्षेत्र को 24 जोन और 196 सेक्टर में बांटा गया है।2019 के लोकसभा चुनाव में राजनीति से ऊबे 15 हजार155 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी पर विश्वास न जताते हुए नोटा की बटन दबाई थी, इस बार नोटा की बटन दबाने वालो की संख्या घटती है या बढ़ती है यह तो वक्त पर ही पता लगेगा, इसी तरह बुंदेलखंड की हमीरपुर-महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट के लिए 2019 में हुए मतदान ने पिछले 68 सालों के रिकार्ड तोड दिए थे। 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान के बीच पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं ।संसदीय सीट में आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बंपर वोटिंग हुई थी इसका सीधा फायदा भाजपा को मिला था और बंपर मतों से भाजपा की जीत हुई थी, 17वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा और बसपा सपा गठबंधन समेत चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे पहली बार इस संसदीय क्षेत्र में 61.69 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था, जिससे पिछले सोलह आम चुनावों के मतदान के रिकॉर्ड ही टूट गए थे। किंतु 18वीं लोकसभा के लिए कितने प्रतिशत मतदान होता है, मतदान में महिला पुरुष, युवा, वृद्ध किस प्रकार की सहभागिता दशार्ते हैं यह 20 मई को मतदान के बाद ही पता चलेगा ।

लोकेशन लेकर मोरम भरे टैक्टर दिन रात भरते हैं फर्राटा

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के मनकी गांव स्थित यमुना पुल से मूसा नगर से कुरारा आने वाले खाली ट्रक के रात में निकलने से वाहनों को निकलने में जान का खतरा बनता जा रहा है। लोकेशन लेकर मोरम भरे टैक्टर फरार्टा भरते हैं। छोटे वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।

कस्बा कुरारा से मनकी गांव स्थित यमुना पुल से होकर मूसा नगर क्षेत्र में मौरम लेकर ट्रैक्टर ट्राली बिक्री करने के लिए जाते हैं। तथा खाली ट्रक कुरारा क्षेत्र में मौरम लेने आते हैं। इस रास्ते में हरौली पुर गांव में सड़क किनारे पुलिस चौकी स्थापित है। सड़क मार्ग से पुलिस के रहमोकरम पर लोकेशन लेकर मोरम भरे टैक्टर दिन रात फरार्टा भरते हैं। कुरारा से लेकर मनकी गांव तक दो दर्जन से अधिक गांव है। जिनका आवागमन कस्बा कुरारा में रहता है। तथा बच्चे विद्यालय पढ़ने आते हैं। इन भारी वाहनों से बच्चो को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि चौकी पुलिस की मिली भगत से यह वाहन रात दिन निकलते हैं। इनसे वसूली की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कुरारा से शाम ढलते ही इन वाहनों के निकलने से छोटे वाहनों को साइड नहीं मिल पाती है। तथा सड़क किनारे धूल मिट्टी में वाहन साइड देने में छोटे वाहन फिसल जाते हैं। जिससे दुर्घटना होते हैं। यह सड़क मार्ग भारी वाहनों के निकलने से आम लोगो को खतरा बनता जा रहा है।

गाजीपुर जिले के भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के प्रचार-प्रसार शेरपुर जंगीपुर में 19 मई को अएंगे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के भाजपा के जनता को अपने पक्ष वोट के प्रचार-प्रसार के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रविवार को 75 लोकसभा गाजीपुर के चुनावी समर मे भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में मतदाताओं को साधने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का कल रविवार 19 मई को 11 बजे पूर्वाह्न मे आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री अंधऊ हवाई अड्डे से सीधे कार्यक्रम स्थल मगई नदी के पार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ग्राम पंचायत शेखपुर बगीचे में पहुंचेंगे और क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करेंगे। इस बात की जानकारी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने दिया। कार्यक्रम स्थल का जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। और क्षेत्रीय जनता से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर उनके उदबोधन को सुनने का आह्वान किया। इस अवसर पर शशिकांत शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र शर्मा,निखील राय आदि उपस्थित थे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

मुंबई। बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

लाइफ Style

रश्मिका

अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा: द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।

वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा,"बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।

हॉलीवुड मसाला

जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

लॉस एंजिलिस। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।

प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

लॉस एंजिलिस। अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।

कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

मुंबई। विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटनास्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

टीवी मसाला

'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय

मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

मुंबई। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।

कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट

मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।



फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

मुंबई। अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।

आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग

घोल
आईएमडीबी रेटिंग: 7.0/10
कलाकार: राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक

अनकही अनसुनि
आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखें: डिज्नी+हॉटस्टार



डार्क
आईएमडीबी रेटिंग: 8.7/10
कलाकार: लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी

शैतान हवेली : आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखें: अमेजन प्राइम वीडियो

द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस
आईएमडीबी रेटिंग: 8.5/10
कलाकार: माइकल हुइसमैन,कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस

रात अकेली है
आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे

13 बी
आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखें: डिज्नी प्लस हॉटस्टार